www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–268 । सागर, सोमवार 17 नवम्बर 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

चुनाव के पहले मिल सकती है छतरपुर को नगर निगम की सौगात, उम्मीद बढ़ी पृष्ठ 3

▸ हम अभिमन्यु नहीं अर्जुन हैं चक्रव्यूह बेधेंगे और बाहर भी आएंगे : राहुल
▸ कॉरिडोर में कृष्णः 'कुंज गलियों' का पर्यटन पृष्ठ 4

▸ झांसी हाइवे पर सड़क हादसा, गाय की मौत, बाइक सवार युवक गंभीर पृष्ठ 6

प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया पृष्ठ 7

दिल्ली विस्फोट मामला : मुजम्मिल के मोबाइल से बड़ा खुलासा-

# जैश से जुड़े कई डॉक्टरों की तलाश हुई तेज

### आतंकी उमर का साथी आमिर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में लाल किले के पास आतंकी विस्फोट मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है तो नये खुलासे हो रहे हैं। अब तक पकड़े गये आताताईयों से मिल रहीं जानकारी के मुताबिक संदिग्धों और आतंकी गिरोह का दायरा भी बढ़ता जा रहा है और उनके तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं।

इस मामले में जांच एजेंसियों को बड़ा सुराग मिला है। गिरफ्तार संदिग्ध डॉक्टरों के साथ डॉक्टर मुजम्मिल के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड यानी कि सीडीआर से एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। लाल किला के सामने बम धमाके के मामले में जांच एजेंसियां कई डॉक्टरों के मोबाइल फोन और सीडीआर से जुड़े नेटवर्क का पता लगा रही हैं। नूंह और फरीदाबाद से कई डॉक्टरों को पकड़ा गया है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि विस्फोट के बाद से 12 से अधिक डॉक्टरों के फोन नंबर बंद हैं, जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने की कोशिश कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक इनमें से अधिकतर अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार एजेंसियों ने डॉक्टरों की एक लंबी लिस्ट तैयार की है, जो जैश से जुड़े इन संदिग्धों के संपर्क में थे। डॉ. शाहीन के फोन से जांच एजेंसियों को कई सबूत मिले हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन की भी प्रशासन ने गहन जांच शुरू कर






■ शेष पृष्ठ 2 पर

## आतंकी संगठनों का नया षडयंत्र... अब कश्मीर घाटी की जगह पाकिस्तान-बांग्लादेश में आतंकियों की भर्ती

ऑपरेशन सिंदूर और दिल्ली में लाल किले के पास विस्फोट के बाद कई और तथ्य सामने आए हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसआई भारत में आतंकवाद के लिए अब आतंकियों की भर्ती कश्मीर में करने की बजाए पाकिस्तान व बांग्लादेश में करने लगी है। ऐसा केंद्र सरकार की घाटी में बढ़ती कार्रवाई के बाद किया जा रहा है। इंडियन आर्मी के सेंट्रल कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ रहे सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल रवींद्र प्रताप शाही (एवीएसएम) कहते हैं कि घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सैन्य बलों की सख्ती के चलते पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की कमर टूटी है। वे सख्त निगरानी के कारण लोकल रिक्रूटमेंट नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने अब नया पैंतरा अपनाते हुए आतंकियों को बांग्लादेश व पाकिस्तान में बुलाकर प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। ये पिछले दिनों की चल रही जांच में सामने आया है। वर्ष 1983-85 व 1994-95 तक कश्मीर के अनंतनाग, पहलगाम और राजोरी में तैनात रहे ले. जनरल आरपी शाही कहते हैं कि संभव नहीं है कि महज तीन-चार माह में तीन हजार किलो विस्फोटक इकट्ठा कर लिया जाए। किसी ■ शेष पृष्ठ 2 पर

## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री ने बुलेट ट्रेन परियोजना में कार्यरत इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत



**सूरत, एजेंसी।** गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। इस बीच बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति का भी जायजा लिया। इसके लिए पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की।

एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच करते हुए नजर आए। उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि काम में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आ रही है और प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए किस तरह से काम किया जा रहा है? इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना देश के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक अहम कदम है और इससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर मिलेगा।

### मुंबई के नेवल डॉक पर आतंकी हमले की धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के नेवल डॉक पर रविवार को आतंकवादी हमले की धमकी भरा कॉल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को आंध्र प्रदेश का बताया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की तह तक जाने की कोशिश में जुटी हैं। पुलिस के मुताबिक, जहांगीर शेख नाम के एक शख्स ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल किया। उसने बताया कि वह आंध्र प्रदेश से बात कर रहा है और उसे किसी दूसरे आदमी ने नेवल डॉक पर होने वाले आतंकवादी हमले के बारे में बताकर सतर्क रहने को कहा था। जैसे ही फोन आया, पुलिस ने बिना देर किए प्रोटोकॉल के हिसाब से जांच शुरू कर दी, लेकिन अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति पुलिस को नहीं मिली है।

### आईएफएफआई ने इफिस्टा का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इस वर्ष दूरदर्शन द्वारा प्रस्तुत चार दिवसीय संगीत एवं प्रदर्शन कार्यक्रम इफिस्टा 2025 के साथ अपने सांस्कृतिक प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में 21 से 24 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चलेगा। वेव्स कल्चरल्स एंड कॉन्सर्ट्स के तहत तैयार किया गया और सारेगामा, एमजे फिल्म्स और दिल्ली घराने के सहयोग से आयोजित इफिएस्टा 2025 में शास्त्रीय, समकालीन और युवा-केंद्रित कार्यक्रमों का एक मिश्रण होगा।

### रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए जयंत चौधरी

**लखनऊ/मथुरा, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन में जयंत चौधरी सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुने गए है।

मथुरा के कोसीकलां में आज आयोजित पार्टी अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जयंत का स्वागत किया। अधिवेशन में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर भी व्यापक चर्चा हुई। आर्थिक प्रस्ताव के तहत कृषि भूमि के विभाजन और युवाओं के पलायन को रोकने के लिए गांव-कस्बों में स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया। साथ ही उर्वरकों के अनियमित उपयोग और जल दोहन पर नियंत्रण करते हुए फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही गई।

## बिहार : सरकार बनाने को हलचल तेज



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव खत्म होते ही राजनीतिक हलचल अचानक तेज हो गई है। मतदान और मतगणना की लंबी प्रक्रिया के बाद राज्य में लागू आदर्श आचार संहिता को हटा दिया गया है।

इसी के साथ चुनाव आयोग ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को 243 नवनिर्वाचित विधायकों की पूरी सूची सौंप दी है। अब गेंद राजभवन के पाले में है, जहां से नई सरकार के गठन की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल रविवार शाम पटना स्थित राजभवन पहुंचे और सभी सीटों के विजेताओं की लिस्ट राज्यपाल को सौंपी। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद भी मौजूद रहे। 6 अक्टूबर को चुनाव तारीखों का ऐलान होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी, जो अब हट चुकी है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद अब समय नई सरकार के गठन का है। इसके लिए पहले एनडीए के घटक दल अपनी बैठक करेंगे। जदयू की बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुन लिया जाएगा। इसके बाद बिहार भाजपा, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास, जीतनराम मांझी की 'हम' और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक अपना नेता चुन लेंगे। माना जा रहा है कि सोमवार की शाम इन बैठकों के बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना जा सकता है। इसके बाद शपथ ग्रहण की तारीख और मंत्रियों के नाम भी तय किए जाएंगे।

- एनडीए के विधायक दल की बैठक आज
- चुनाव आयोग ने राज्यपाल को सौंपी 243 विधायकों की सूची

### मंत्रिमंडल फॉर्मूला लगभग तैयार

नतीजों के बाद से एनडीए की गतिविधियां लगातार बढ़ी हुई हैं। रविवार सुबह सीएम हाउस में हलचल दिखी। नित्यानंद राय, विजय सिन्हा, और रालोमा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। सूत्र बताते हैं कि मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी का फॉर्मूला लगभग तय हो चुका है और बातचीत अब अंतिम चरण में है। इसी सिलसिले में उपेंद्र कुशवाहा और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा दिल्ली रवाना हो गए हैं। चर्चाएं यह भी हैं कि चिराग पासवान और जीतनराम मांझी भी दिल्ली पहुंच सकते हैं।

## सुकमा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के मुताबिक जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम की सुबह भेज्जी और चिंतागुफा थाना क्षेत्रों के पर्वतीय इलाकों में नक्सलियों के साथ उस वक्त मुठभेड़ शुरू हो गई जब टीम क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों के खिलाफ इस हालिया कार्रवाई के साथ इस वर्ष छत्तीसगढ़ में हुई मुठभेड़ों में अब तक 262 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से 233 नक्सली बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें सुकमा सहित सात जिले शामिल हैं जबकि 27 अन्य गरियाबंद जिले में मारे गए जो रायपुर संभाग में आता है। दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो नक्सली मारे गए।

ग्वालियर-झांसी हाईवे पर

## भीषण हादसे में 5 की मौत

**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर-झांसी हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार पांच युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ग्वालियर-झांसी हाईवे एनएच-44 पर सिरोल थाना क्षेत्र में हुई।

जानकारी के अनुसार फॉर्च्यूनर एमपी 07 सीजी 49006 झांसी की ओर से ग्वालियर आ रही थी। इसी दौरान हाईवे पर खड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी झांसी में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। सभी मृत युवक ग्वालियर के निवासी बताए जा रहे हैं। सिरोल थाना क्षेत्र में मालवा कॉलेज के सामने मोड़ पर ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से उनकी कार जा घुसी पुलिस ने सभी शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सूचना मिलते ही सिरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आदित्य जादौन, राम पुरोहित, क्षितिज उर्फ प्रिंस राजावत, कौशल भदौरिया और अभिमन्यु सिंह की इस दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार ग्वालियर के प्रॉपर्टी कारोबारी उमेश राजावत की है। उनका बेटा क्षितिज कार लेकर दोस्तों के साथ झांसी गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि उसके एयरबैग खुलकर फट गए थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार की गति 120 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा रही होगी।

## खदान में दबे 15 मजदूर 2 के शव मिले

**सोनभद्र, देशबन्धु।** यूपी के सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र स्थित बिल्ली-मारकुंडी खनन इलाके में शनिवार को हुए खदान हादसे में देर शाम तक दो शव मिलने की पुष्टि हुई है।

हादसा उस समय हुआ जब 'कृष्णा माइंस' नामक पत्थर खदान का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते जिले में खनन गतिविधियों पर रोक थी, लेकिन इसके बावजूद खदान में अवैध रूप से काम जारी था। इसी दौरान भारी चट्टान टूटकर मजदूरों पर गिर गई और पूरा क्षेत्र मलबे में बदल गया, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों और फंसे हुए मजदूरों की वास्तविक संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है, क्योंकि कई लोग गहरे मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, और मजदूरों के परिजन अपनों को तलाशते रहे। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने बताया कि खदान के एक हिस्से के टूटकर गिरने से यह दुर्घटना हुई। उन्होंने पुष्टि की कि प्रशासनिक रोक के बावजूद खदान में अवैध खनन गतिविधियां जारी थीं और इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की ■ शेष पृष्ठ 2 पर

आरक्षण पर प्रधान न्यायाधीश का बड़ा बयान

## अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर



**अमरावती, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि वे अब भी इस विचार के पक्ष में हैं कि अनुसूचित जातियों (एससी) को मिलने वाले आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' यानी आर्थिक-सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम 'इंडिया एंड द लिविंग इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट 75 इयर्स' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक आईएएस अफसर के बच्चे और गरीब किसान मजदूर के बच्चों को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता। उनका कहना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। सीजेआई ने कहा कि देश में वर्षों के दौरान महिलाओं के अधिकारों और समानता को लेकर जागरूकता बढ़ी है, और भेदभाव की पुरानी सोच को पीछे छोड़ा जा रहा है। उन्होंने भावुक होकर याद किया कि उनके कार्यकाल का पहला कार्यक्रम महाराष्ट्र के अपने गृह नगर अमरावती में था और आखिर कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के अमरावती में, मानो उनकी यात्रा एक पूरा चक्र पूरा कर रही हो।

सीजेआई गवई ने कहा कि भारतीय संविधान स्थिर नहीं है, बल्कि एक 'जीवंत, विकसित होने वाला' दस्तावेज है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की सोच पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसीलिए रखी गई ताकि समय के साथ जरूरतें बदलने पर देश आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि आंबेडकर के भाषण, विशेषकर जब वे मसौदा संविधान प्रस्तुत कर रहे थे, हर कानून के विद्यार्थी को पढ़ने चाहिए। आंबेडकर के तीन शब्द- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व- को उन्होंने भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति की रीढ़ बताया।

### मेरी सेवानिवृत्ति में बचा है सिर्फ एक हफ्ता

सीजेआई गवई ने बताया कि उन्होंने अतीत में भी इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) मामले के आधार पर यही राय दी थी कि जैसे ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर की पहचान की जाती है, वैसे ही यह व्यवस्था एससी समुदाय के लिए भी होनी चाहिए, भले ही इस विचार की काफी आलोचना हुई हो। उन्होंने मुस्कराकर कहा कि 'न्यायाधीशों को आम तौर पर अपने फैसलों का बचाव नहीं करना चाहिए और मेरे पास सेवानिवृत्ति तक सिर्फ एक हफ्ता ही बचा है।

## राजा राममोहन राय पर दिए विवादित बयान पर मंत्री परमार ने मांगी माफी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कल आगर मालवा में समाज सुधारक राजा राम मोहन राय को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान पर अब माफी मांग ली है। इस मुद्दे पर विपक्ष के निशाने पर आए मंत्री परमार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि उनके मुंह से समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के बारे में गलत बात निकल गई। वह माफी मांगते हैं। मंत्री परमार ने स्पष्ट किया कि बिरसा मुंडा जयंती के एक कार्यक्रम में वे अंग्रेजों की साजिशों और उस दौर की परिस्थितियों पर चर्चा कर रहे थे। उसी दौरान प्रवाह में उनके मुंह से देश के समाज सुधारक राजा राममोहन राय के बारे में गलत बात निकल गई।

इंदर सिंह परमार ने कहा कि मेरे कथन से लोगों की भावनाएं आहत हुई होंगी, इसका मुझे दुख है। मैं व्यक्तिगत रूप से राजा राममोहन राय का सम्मान करता हूं। उनसे जुड़ा गलत संदर्भ मेरी ओर से अनजाने में आया है और उसके लिए मैं प्रायश्चित करता हूं। माफी मांगते हुए उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य कभी भी किसी समाज सुधारक का अपमान करना नहीं था और आगे से शब्दों के चयन को लेकर और अधिक सतर्क रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कल मंत्री श्री परमार ने आगर मालवा में जनजातीय नायक बिरसा मुंडी की 150वीं जयंती पर राजा राममोहन राय को अंग्रेजों के दलाल के रूप में काम करने का विवादित बयान दिया है। यहीं नहीं मंत्री ने कहा कि वह फर्जी समाज सुधारक थे। इससे पहले मंत्री परमार ने कहा अमेरिका की खोज कोलंबस ने नहीं बल्कि हमारे पूर्वजों के द्वारा करने के बयान से चर्चा में आ गए थे। मंत्री के बयान के बाद सियासत भी गरमा गई। कांग्रेस ने समाज सुधारक राजा राम मोहन राय को लेकर विवादित बयान देने पर मंत्री से माफी मांगने और भाजपा सरकार से उनको पद से हटाने की मांग की।

मुख्यमंत्री औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी में आयोजित समारोह में हुए शामिल, 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण

## उज्जैन-शाजापुर की भूमि पर बनेंगे हरित ऊर्जा उपकरण

### उज्जैन, शाजापुर और देवास बन रहा नया औद्योगिक सर्किट





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मालवा क्षेत्र, जो अपनी मीठी संस्कृति और उर्वर भूमि के लिए मशहूर है, अब ग्रीन एनर्जी का हब बनने जा रहा है। यह क्षेत्र विकास के नए संकल्पों के साथ नई ऊर्जा और उमंग से प्रदीप्त हो रहा है। शाजापुर जो सोने और नमकीन के लिए जाना जाता है, अब अपनी औद्योगिक प्रगति के लिए भी पहचाना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से उज्जैन-शाजापुर की पुण्यधरा हरित ऊर्जा उत्पादन में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का प्रोडक्शन सेंटर बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मक्सी नगर अब सेंट्रल इंडिया के ग्रीन मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित होकर अपनी नई पहचान कायम करेगा। इससे यहां के किसानों को अपने ही क्षेत्र में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और भंडारण की भी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शाजापुर जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी के दशहरा मैदान में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मक्सी नगर में करीब 8174 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें चार इकाइयों का भूमिपूजन एवं दो इकाइयों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने करीब 384 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से उज्जैन से मक्सी तक निर्मित होने वाली करीब 38.95 किलोमीटर लम्बी फोर लेन रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में अपनी पावन परम्पराओं की चमक, प्रगति एवं समृद्धि की नई रौशनी और विकसित भविष्य की आहट सुनाई दे रही है। हम प्रदेश के युवाओं के सपनों में विकास के नए रंग भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की सरकार में हमारा मध्यप्रदेश समृद्धि और प्रगति की अनवरत यात्रा पर अग्रसर है। आज मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में ■ शेष पृष्ठ 2 पर

उज्जैन-शाजापुर में औद्योगिक विकास की बड़ी दस्तक

## महाकाल की नगरी हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रही

### 4 हजार से अधिक रोजगार के अवसर होंगे सृजित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन-शाजापुर में आयोजित विशाल औद्योगिक कार्यक्रम को प्रदेश की ग्रीन एनर्जी क्रांति की ऐतिहासिक शुरुआत बताते हुए कहा कि बाबा महाकाल की नगरी अब देश के प्रमुख ग्रीन एनर्जी हब के रूप में तेजी से उभर रही है। मक्सी और बरंडवा में स्थापित होने वाली अत्याधुनिक सोलर उपकरण निर्माण इकाइयाँ न केवल राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को नई दिशा देंगी, बल्कि मध्यप्रदेश को हरित ऊर्जा तकनीक का अग्रणी केंद्र बनाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन, देवास और शाजापुर का उभरता इंडस्ट्रियल ट्रायएंगल अब प्रदेश की आर्थिक गति, औद्योगिक गहराई और निवेश क्षमता को नए आयाम दे रहा है। उन्होंने इसे प्रदेश की दीर्घकालिक विकास संरचना का नया अध्याय बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात रविवार को उज्जैन तराना तहसील की बरंडवा ग्राम में आयोजित जैक्शन कंपनी के मेगा सोलर प्लांट के भूमिपूजन के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन सिर्फ उद्योगों का नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य का भूमिपूजन है। मध्यप्रदेश निवेश के लिए अब देश का पसंदीदा स्थान बन चुका है। हमारी नीति स्पष्ट है, उद्योग लगाइए, सरकार आपके साथ है। उन्होंने उज्जैन, देवास और शाजापुर को प्रदेश का नया इंडस्ट्रियल ट्रायएंगल बताते हुए कहा कि राज्य में 320 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र. 1.25 लाख एकड़ का लैंड बैंक और तेज अनुमति प्रणाली उद्योगों को सेटअप करने में बड़ी सहूलियत दे रही है। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी अब हरित ऊर्जा की नगरी बनने की ओर बढ़ रही है। ■ शेष पृष्ठ 2 पर

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगाई



**बीना, देशबन्धु।** अथक पथ संग्रहालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर देश-विदेश के 400 से अधिक समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर आगरा से पधारे प्रो. ओम प्रकाश झा, प्रो. नरेंद्र कुमार झा, अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा संरक्षक हरिनारायण शर्मा राघव सहित अनेकों लोगों ने समाचार पत्रों का अवलोकन किया एवं उनसे संबंधित जानकारी प्राप्त की पत्रकारों के लिये समर्पित यह राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है आज के दिन ही सैकड़ो वर्ष पहले बंगाल से प्रथम समाचार पत्र हिकीज गजट प्रारंभ हुआ था। देश-विदेश के समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगाने का भाव यह है कि हमें इससे अधिक से अधिक ज्ञान वर्धक जानकारी प्राप्त होती है।

# खुरई बायपास पर गौसेवकों ने भैंसों से भरी पिकअप पकड़ी

## दो लोगों पर मामला दर्ज, दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग

**बीना, देशबन्धु।** खुरई बायपास पर रविवार को गौसेवकों ने भैंसों से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी। इसमें बड़ी संख्या में भैंसों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। गौसेवकों की सूचना पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। गौसेवकों ने जब वाहन की जांच की, तो अंदर भैंसों की हालत बेहद दयनीय मिली। उन्हें न तो पर्याप्त जगह दी गई थी और न ही हवा-पानी की उचित व्यवस्था थी। इससे भैंसों के घायल होने की आशंका थी। गौसेवकों ने सभी भैंसों को वाहन से बाहर निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन ड्राइवर और परिवहनकर्ता से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भैंसों का परिवहन बिना किसी अनुमति और निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुये किया जा रहा था। पुलिस ने गौसेवकों की शिकायत पर वाहन क्र. मप्र 41 जीए 1846 के चालक साहिर खान पिता बादशाद खान कुरैशी निवासी लायरा और अनस पठान पिता पन्ने खान पठान निवासी लायरा जिला विदिशा के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि पशुओं के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। गौसेवकों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर लगातार निगरानी रखने और दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



# बीएमसी में गार्डों ने प्रसूता के पति को पीटा लात-घूंसे मारते हुये वीडियो सामने आया



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सुरक्षाकर्मियों द्वारा एक प्रसूता के पति के साथ जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 14 नवंबर की रात की है। इस मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें तीन गार्ड युवक को पीटते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद गार्डों ने भी गोपालगंज थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है। गार्डों का आरोप है कि युवक नशे में था और वार्ड में घुसने से रोकने पर उसने गाली गलौज और मारपीट शुरू की थी दरअसल रहली क्षेत्र निवासी सुनील रजक की पत्नी स्वाति रजक महिला वार्ड क्र. 5 में पलंग नंबर 31 पर भर्ती थी। प्रसूता का पति सुनील देर रात पत्नी को देखने वार्ड में जा रहा था, तभी गार्ड ने उसे रोक लिया। यहां उनके बीच कहा सुनी हुई। कहा सुनी के दौरान बीएमसी के अन्य गार्ड मौके पर पहुंचे और सुनील के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान किसी अन्य मरीज के परिजन ने इस घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो सामने आते ही बीएमसी प्रबंधन और पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। वीडियो सामने आने के बाद बीएमसी के सुरक्षाकर्मियों ने गोपालगंज थाने पहुंचकर सुनील के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है। आवेदन में सुरक्षाकर्मी राम दुबे ने बताया कि उसकी ड्यूटी बीएमसी में थी। रात करीब पौने 10 बजे सुनील रजक वार्ड क्र. 5 के गेट पर पहुंचा। गार्ड ने बताया कि सुनील की पत्नी स्वाति रजक वार्ड में भर्ती थी, लेकिन सुनील शराब के नशे में थे, इसलिये उन्हें वार्ड में जाने से रोका गया। इस पर सुनील ने गाली गलौज शुरू कर दी। गालियां देने से रोका तो उसने मारपीट शुरू कर दी। ऐसे में उसे पकड़कर अस्पताल से बाहर किया गया। बीएमसी में सुरक्षा देख रही कंपनी के मैनेजर भूपेंद्र ने बताया कि वीडियो सामने आया है, उक्त व्यक्ति नशे की हालत में था। वार्ड में प्रसूता और नवजात बच्चे भर्ती रहते हैं, जहां नशे की हालत में किसी को जाने नहीं दिया जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। गोपालगंज थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने शिकायती आवेदन दिया है, जिसकी जांच कर रहे हैं। दूसरा पक्ष सुनील रजक अब तक सामने नहीं आया है। यदि मरीज के परिजन के साथ मारपीट हुई है तो यह गलत है। वह शिकायत करते हैं तो जांच कर मामले में कार्यवाही की जायेगी।

# मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ




## गर्भ कल्याणक दिवस धूमधाम से मनाया

**गौरझामर/केसली, देशबन्धु।** केसली में आयोजित मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के प्रथम दिवस गर्भ कल्याणक दिवस का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। मुनिश्री महासागर, मुनिश्री निष्कम्प सागर, मुनिश्री निष्काम सागर, क्षुल्लक श्री सुधर्मसागर तथा क्षुल्लक श्री श्वेतसागर के पावन सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रात:काल गाजेबाजे, हाथी घोड़ा, बग्गी और शहनाई के साथ ध्वजारोहण का शुभ कार्य टोनी सिंघई सागर परिवार द्वारा किया गया। प्रतिष्ठाचार्य ब्रा. विनय भैया बंडा ने भगवान की पूजा अर्चना एवं शांतिधारा करवाई। मंच से संबोधित करते हुये कहा कि जीव का अनादि काल से चला आ रहा संसार भ्रमण अत्यंत कठिन है और पावन बनने का मार्ग तीर्थंकरों की वाणी से प्रशस्त होता है। गर्भ कल्याणक से पूर्व होने वाली विशेष विधियों उरगार, सकलीकरण, इन्द्रप्रतिष्ठा, आयान, नगरी रचना, माता-पिता स्थापना, देवियों द्वारा माता की परिचर्या को शास्त्रोक्त विधि से संपन्न किया गया। शांतिधारा करने का सौभाग्य चौका वाला परिवार एवं विनोद तेंदूडाबर परिवार को प्राप्त हुआ। महाआरती का सौभाग्य देवेंद्र भाईजी को मिला। कार्यक्रम में विमल कुमार देवड़िया परम संरक्षक, डॉ. रमेश सिंघई संरक्षक, अनिल सिंघई पंचकल्याणक कमेटी अध्यक्ष एवं समाज अध्यक्ष, अतुल भाई देवड़िया, प्रमोद पटवारी, निर्मल सिंघई, अरुण भाईजी, दीपेश बड़कुल, राजू सिंघई, जिनेंद्र जैन, अतुल बजाज सहित दिगम्बर जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकायें बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में आध्यात्मिकता और भक्ति का माहौल छाया रहा।

# कलेक्टर के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**▸ नाम और फोटो का उपयोग किया, कलेक्टर ने सतर्क रहने की सलाह दी**




**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। फर्जी आईडी सामने आते ही कलेक्टर ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इस आईडी में कलेक्टर के नाम और वास्तविक फोटो का उपयोग किया गया है। कलेक्टर के नाम की फर्जी आईडी से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है। मामले की शिकायत साइबर सेल में की गई है। साइबर सेल जांच कर रही है। वर्तमान में सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर ठगी करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि फेक अकाउंट से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा सकती है या पैसों की मांग की जा सकती है। ऐसे किसी भी संदेश या रिक्वेस्ट पर विश्वास न करें। लोगों से अपील की है कि वे अपरिचित प्रोफाइल की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करें और न ही किसी लिंक पर क्लिक करें। किसी प्रकार का ऑनलाइन लेन-देन भी न करें। यदि ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत इसकी शिकायत साइबर सेल को करें।

# ग्राम पड़रई खुर्द में कराया पेयजल के लिये नलकूप खनन

**सागर, देशबन्धु।** देवरी विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंगवारा के ग्राम पड़रई खुर्द में 10 नवंबर को एक महिला और एक बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार हो गये जिन्हें तत्काल देवरी अस्पताल एवं बीएमसी में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। कलेक्टर संदीप जीआर को घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को संबंधित ग्राम के लिये रवाना किया और स्वास्थ्य विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर पेयजल स्रोत को संदिग्ध मानते हुये नलकूपों और कुओं के पानी के सैंपल लेकर जांच के



लिये भेजे गये। कलेक्टर की संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाही से गांव में हालात सामान्य हो रहे हैं लेकिन पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही असली वजह का खुलासा हो पायेगा। पानी की गुणवत्ता को देखते हुये कलेक्टर के निर्देश पर गांव में नवीन नलकूप खनन कराया गया और उसमें पंप मोटर डालकर स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू की गई जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित ग्राम में लगातार मॉनिटर की जा रही है और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी लगातार किया जा रहा है नये नलकूप खनन होने से ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा।

# अवध प्रभा विद्यापीठ में हुआ बाल मेला का आयोजन



**मालथौन, देशबन्धु।** सीबीएसई विद्यालय अवध प्रभा विद्यापीठ में बाल मेला का आयोजन हुआ। समारोह की शुरुआत में उपस्थित मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष राना जू, समिति के अध्यक्ष दिनेश पटैरिया एवं बीकेपी ग्रुप के चेयरमैन गिरीश पटैरिया पटैरिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गिरीश पटैरिया ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावको को बालदिवस की शुभकामनायें दी एवं छात्र-छात्राओं की विकसित शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया। मंच का संचालन कक्षा 11वीं से पावनी रावत एवं तेजस्वी राजपूत ने किया। सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति रोशनी जैन के ग्रुप द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान विद्यालय के सीईओ डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया। समारोह में मिकी माऊस और झूला, रिंग गेम, मेंहदी आर्ट फैंसी, गुलाब जामुन, चना मसाला, भेलपुरी, कप केक, पाव भाजी, पास्ता पेस्टी, चाय, दही पुरी, कटोरी चाट, भेल पुरी, गुब्बारे फोड़ने का गेम, फ्रेंच फाईज, बड़ा पाव, आलू बड़ा, मैजिका शो, पानीपुरी, चाऊमीन, घोड़े पर सवारी, मोमोस, और कचौरी की दुकानों के स्टॉल लगाये गये। जहां छात्र-छात्राओं के अभिभावक ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में संचालक डॉ. आशीष पटैरिया द्वारा छात्र छात्राओं एवं अभिभावका को बताया कि आज बाल दिवस है जिसमें जिसकी नींव हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु द्वारा रखी गई जिनका देश के सभी बच्चों के प्रति बहुत लगाव था। समारोह में रामकुमार बघेल, थाना प्रभारी अशोक यादव, गोलूप्रताप राय, सिरनाम सिंह अटा, बलवीर सिंह, जीपी अहिरवार बीओ मालथौन, ध्रुव सिंह प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय, जगदीश राय आदि उपस्थित रहे।


# इतिहासकार और आधुनिक भारत के निर्माता हैं चाचा नेहरू: विद्यार्थी

**सागर, देशबन्धु।** अभी हमने स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन मनाया है और उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया है। बच्चे प्यार से उन्हें चाचा नेहरू बुलाते थे, वे इतिहासकार और आधुनिक भारत के निर्माता हैं। पं. नेहरू कहते थे कि बच्चे राष्ट्र के निर्माता हैं, बच्चे बगीचों में कलियों की तरह हैं और उनका प्यार से, ध्यान से लालन पालन किया जाना चाहिये क्योंकि वे देश के भविष्य और कल के नागरिक हैं। नेहरू जी की जयंती पर न सिर्फ उनके महान कार्यों के लिये याद कर श्रद्धांजलि दी जाती है बल्कि बच्चों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जाता है। यह बात सागर से संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1609 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 287 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुये संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से कविवर मणीदेव ठाकुर एवं डॉ. करूणा ठाकुर ने भक्तिभाव से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण में रीवा से डॉ. बारेलाल जैन ने समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुये कहा कि यह पटल विगत 30 वर्षों से निरंतर काव्य गोष्ठियों के माध्यम से समाज को, राष्ट्र को, संस्कृति को एक अभिनव दिशा देता चला आ रहा है, जिसका संपूर्ण श्रेय स्मृति शेष मणीकांत चौबे बेलिहाज को जाता है। मणिदेव ठाकुर देव ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु बड़ा मलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी सरस एवं राजेंद्र यादव, टीकमगढ़ से दीनदयाल तिवारी बेताल, पृथ्वीपुर से कल्याण दास साहू पोषक, निवाड़ी से रामनिवास तिवारी आशुकवि, नागपुर से मंजूषा किंजवाडकर, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन एवं रागिनी सिंह परिहार, सागर से पूरन सिंह राजपूत, डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, अबरार अहमद अबरार, देवकीनंदन रावत ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में एलएन चौरसिया, एड. केके सिलाकारी, पं. शुकदेव तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत बख्शी, रघुनंदन चिले, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र श्यामलम आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साहवर्धन किया।

# बीड़ी श्रमिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहगढ़, देशबन्धु।** अंबेडकर वार्ड निवासी बीड़ी श्रमिक जगन्नाथ पिता गुमान अहिरवार 44 वर्ष ने शनिवार की रात अपने घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों से सूचना मिलने पर रविवार को मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को फंदे से निकलवाकर पंचनामा उपरांत शव का पीएम करवाने के बाद परिजनों को सौंपते हुये मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। दाह संस्कार करने के बाद मृतक के परिजनों ने स्थानीय मीडिया कर्मियों को बयान दिया कि उसके तीन बच्चे हैं, बीड़ी बनाकर घर चलता था मानसिक तनाव भी था, रात करीब दस बजे खाना खाकर कमरे में सोने चले गये थे रात के समय दूसरे कमरे में जाकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट आने व जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या का असली कारण पता चलने की बात की जा रही है। पुलिस के अनुसार किस बात पर जगन्नाथ ने फांसी लगाई है। उसके तीन बच्चे हैं, पीएम रिपोर्ट और मामले की जांच के बाद ही पता चलेगा। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था, मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट आने व जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगी।

# हादसे की आशंका: बिजली विभाग की जर्जर दीवार से सटी स्वच्छता नायकों की रोटरी



**सागर, देशबन्धु।** तीन मढ़िया क्षेत्र में नगर निगम द्वारा हाल ही में स्वच्छता नायकों की रोटरी का निर्माण कराया गया है। यह रोटरी बिजली विभाग के कार्यालय की दीवार से बिल्कुल सटी हुई है जबकि दीवार की स्थिति बेहद जर्जर है। दीवार के ऊपरी हिस्से पर पुराना लोहा और टीन का छज्जा लगा हुआ है जो किसी भी समय गिर सकता है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक इसी स्थान पर कुछ समय पहले भी टीन का छज्जा गिर चुका है। तेज हवा चलने पर टीन उखड़कर गिर सकता है। नागरिकों ने निगम और बिजली विभाग से जल्द से जल्द दीवार की मरम्मत और छज्जे को सुरक्षित तरीके से हटाने या ठीक कराने की मांग की है ताकि संभावित हादसे को रोका जा सके।

## प्रथम पेज का शेष

**जैश से जुड़े कई डॉक्टरों....** दी है। इस मामले में फरीदाबाद पुलिस की सीआईए ने यूनिवर्सिटी के मालिक व ट्रस्ट कार्यालय में जाकर कागज पत्रों की जांच की। यहां पर अल फलाह यूनिवर्सिटी के मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी रहते हैं और चैरिट्रेबल ट्रस्ट का कार्यालय भी यहीं हैं।फिरोजपुर झिरका से डॉ. मोहम्मद, नूंह शहर से डॉक्टर रिहान और पुन्हाना के सुनहेड़ा गांव से डॉ. मुस्तकीम को एक दिन पहले पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था उन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद 15 नवंबर को अल फलाह यूनिवर्सिटी में ड्यूटी जॉइन करने वाला था लेकिन उससे पहले दिल्ली में ब्लास्ट हो गया। कश्मीर बनेगा दारुल इस्लाम (कश्मीर इस्लाम का घर बनेगा) और शरीयत या शहादत के दो नारों से अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों, स्टॉफ व छात्रों का ब्रेनवॉश किया जा रहा था। ये नारे आतंकी संगठन अंसर गजावत-उल-हिंद के हैं। पाकिस्तान में बैठे हैंडलर इन्हीं नारों के जरिये दिल्ली के नजदीक बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी से ही राजधानी व आस-पास के हिस्सों को दहलाने की साजिश रच रहे हैं।

दूसरी ओर इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता हासिल हुई है। एनआईए ने दिल्ली ब्लास्ट मामले में एक कश्मीरी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी ने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रची थी। लाल किला मामले में आमिर राशिद अली की पहली गिरफ्तारी के बाद, अब तक 73 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। हमले में इस्तेमाल की गई कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई। आत्मघाती हमलावर की पहचान उमर उन नबी, असिस्टेंट प्रोफेसर, अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) के रूप में हुई है। नबी के स्वामित्व वाली एक अन्य गाड़ी भी जब्त की गई है, जिसका फोरेंसिक परीक्षण जारी है। दस नवम्बर को हुए दिल्ली में हुए धमाके में 10 लोगों की मौत और 25 लोग घायल हुए थे। एनआईए अब तक 73 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है। जांच दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और यूपी पुलिस के साथ मिलकर कई राज्यों में जारी है। एजेंसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए कई सुरागों पर काम कर रही है।

**आतंकी संगठनों का नया....** को शक न हो इसलिए आतंकी संगठनों ने अपने मंसूबों को साकार करने के लिए डॉक्टरों को चुना। विदेशी ताकतों ने ट्रेनिंग और वित्तीय मदद की है जिसका खुलासा इंटरपोल की मदद से जल्द ही होगा। शाही कहते हैं कि जांच एजेंसियां, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सक्रियता के चलते बड़ी साजिश नाकाम हो गई। अब सेना को एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाने का वक्त आ गया है।

**खदान में दबे 15 मजदूर....** जाएगी और यह भी जांच की जाएगी कि प्रतिबंध के दौरान खदान कैसे संचालित हो रही थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

इसी बीच उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री और ओबरा विधायक संजीव कुमार गोंड भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मलबे में अब भी करीब एक दर्जन मजदूर दबे हो सकते हैं और प्रशासन पूरी ताकत से राहत अभियान चला रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है और यह भी कहा कि खदान किस स्थिति में संचालित हो रही थी, इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी। जो भी जिम्मेदार होगा, उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**उज्जैन-शाजापुर की भूमि पर....** हुआ विभिन्न नवीन औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन की एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुतजल्द यह भूमि न केवल आध्यात्मिक प्रकाश में आलोकित होगी, बल्कि औद्योगिक ऊर्जा से भी दमकेगी। पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो लिंक परियोजना का लाभ भी क्षेत्र को मिलेगा। आज मक्सी की इस ऊर्वर भूमि पर विकास का जो बीज बोया जा रहा है, वह आने वाले वर्षों में हजारों युवाओं के जीवन में समृद्धि लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि आज शाजापुर जिले को डबल गिफ्ट मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के साथ शाजापुर को कई विकास कार्यो की सौगातें भी दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां 487 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 20 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन सम्पन्न हुआ है। छह औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन और लोकार्पण से यहां 8174 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश आएगा। इससे इस क्षेत्र के 15 हज़ार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन, देवास और शाजापुर मिलकर अब मध्यप्रदेश की नई औद्योगिक त्रिवेणी बन रहे हैं। यहां निवेश, इंडस्ट्री, उपजाऊ भूमि और स्किल्ड वर्कफोर्स भी उपलब्ध है। उज्जैन-देवास-शाजापुर कॉरिडोर की सबसे बड़ी ताकत इसकी ऑल टाइम कनेक्टिविटी है। यह क्षेत्र केवल औद्योगिक भूमि का समूह नहीं रहा, बल्कि ग्रीन एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई, सप्लाई चेन, खाद्य प्रसंस्करण और ऊर्जा उपकरणों के निर्माण का तेज़ी से उभरता हुआ क्लस्टर बन चुका है। उन्होंने कहा कि शाजापुर के मक्सी नगर में 88 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक बहुउद्देशीय औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। यहां की 60 से अधिक सक्रिय औद्योगिक इकाइयां स्थानीय रोज़गार का बड़ा आधार बन चुकी हैं। इन इकाइयों से लगभग 9 हज़ार लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश और रोजगार वर्ष के बीते 11 महीने ऐतिहासिक रहे हैं। निवेशक हमारी नीति और नीयत से प्रभावित होकर मध्यप्रदेश की विकास यात्रा के साथी बने हैं। आने वाले वर्षों में हमारे संसाधन ही हमारी सफलता की नई कहानी लिखेंगे।

**महाकाल की नगरी हरित ऊर्जा....** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फेज-2 में 110 एकड़ भूमि पर जैक्सन इंटीग्रेटेड की 7,104 करोड़ रूपये की अत्याधुनिक 6 गीगावॉट एकीकृत सोलर उपकरण निर्माण यूनिट और जैक्सन इंजीनियरिंग लिमिटेड की 1,046 करोड़ रूपये की यूनिट का भूमिपूजन किया। इन दोनों इकाइयों से 4 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इन उद्योगों के आने से आसपास के गांवों और कस्बों में न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों और छोटे व्यापारों में भी तेजी आएगी। यह परियोजना न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश की ग्रीन एनर्जी मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली मानी जा रही है। परियोजना पूर्ण होने के बाद उज्जैन जिले का नाम सोलर उपकरण मैन्युफैक्बरिंग के राष्ट्रीय नक्शे पर प्रमुखता से जुड़ जाएगा।

जैक्सन समूह के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा कि परियोजना का प्रथम चरण जुलाई 2026 में पूरा किया जाकर उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा।

## सार समाचार

### हार्टफुलनेस संस्था द्वारा ध्यान सत्र का आयोजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस के समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों, जिलों के रक्षित केन्द्रों एवं विसबल वाहिनियों में ध्यान सत्र हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आज प्रातः पुलिस लाइन छतरपुर के परेड ग्राउंड में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में तनावमुक्ति एवं ध्यान का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर अभ्यास कराया गया। पुलिस में लगातार कार्य की परिस्थितियों से उपजे तनाव को ध्यान के माध्यम से दूर करना संभव है। ध्यान के माध्यम से अवसाद, तनाव प्रबंधन, बेहतर स्वास्थ्य, प्रसन्नचित्तता, कार्य के प्रति समर्पण, सामाजिक प्रतिबद्धता, संवाद कौशल, पारिवारिक सामंजस्य एवं सकारात्मकता जैसे गुणों का विकास करना है। ध्यान सत्र में हार्टफुलनेस कोऑर्डिनेटर श्री श्रीनिवास नायक, हैदराबाद हार्टफुलनेस संस्था से प्रशिक्षित छतरपुर पुलिस इकाई के कर्मचारी, छतरपुर पुलिस इकाई का बल एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

### एशियाई चिकित्सक सम्मेलन में डॉ. अग्निहोत्री सम्मानित



**छतरपुर, देशबन्धु।** बिहार प्रांत के गयाजी में एशिया के बाल्य एवं शिशु रोग चिकित्सकों का वार्षिक सम्मेलन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें भारत सहित एशिया के विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में नौगांव के बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएल अग्निहोत्री को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक पुरस्कार को पाने वाले डॉ एमएल अग्निहोत्री प्रदेश के प्रथम चिकित्सक है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, गुरुदेव भगवान तथा बड़ों के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है। यह सम्मान उन्होंने परिवार तथा स्नेहीजन को समर्पित है।

### कांबिंग गश्त में सख्ती, न्याय पथ अभियान में 187 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गस्त के दौरान समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन चेकिंग करते हुए अवैध हथियार, शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ-साथ गुंडा लिस्टेड बदमाशों, निगरानी बदमाशों की निगरानी भी की गई, वांछित अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया। कांबिंग गस्त में 320 से अधिक पुलिस अधिकारी सम्मिलित हुए। न्याय पथ अभियान के तहत थाना कोतवाली में भिन्न प्रकरणों के 52000 के इनामी सहित 10, थाना नौगांव व थाना बमीठा में 2000- 2000 के इनामी 4-4, थाना सिविल लाइन, गढ़ी मलहरा में 4000- 4000 के इनामी सहित एवं थाना महाराजपुर में 3-3, थाना खजुराहो में 8000 के इनामी, थाना लवकुश नगर में 4000 के इनामी सहित 2, थाना चंदला में 2000 के इनामी सहित जिले में 78000 रुपए के 40 इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार/वारंट तामील किए गए हैं। थाना कोतवाली द्वारा 13, नौगांव द्वारा 10, ओरछा रोड 7, एवं थाना सिविल लाइन हरपालपुर द्वारा 5- 5 सहित जिले में 76 गिरफ्तार वारंटी, 6 वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए। अवैध शराब के थाना नौगांव में 12, थाना बमीठा में 6, गौरीहार में 4, बिजावर, लवकुशनगर में 3-3 सहित कुल 61 प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कॉम्बिंग गस्त में जिले में 301 समन, 179 जमानती वारंट तामील किए गए। बताया गया है जिले में 392 प्रकरणों में 468 अनावेदको के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई। कांबिंग गस्त में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, चौराहों में भ्रमण करते हुए होटल, ढाबा, धर्मशाला इत्यादि स्थानों की चेकिंग की गई। वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेक भी किया गया।

### शहर के आसपास 12 किमी की परिधि के 25 गांवों को जोड़कर प्रस्ताव भेजा

# चुनाव के पहले मिल सकती है छतरपुर को नगर निगम की सौगात, उम्मीद बढ़ी



**छतरपुर, दशबन्धु।** लंबे समय से छतरपुर को नगर निगम बनाने की मांग पूरी नहीं हो सकी है। इस दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर पालिका छतरपुर को नगर निगम में अपग्रेड करने के लिए सभी कमियों को दूर करके प्रस्ताव संशोधित किया है। जिसे नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के पास मंजूरी के लिए भेज दिया गया है।

बता दें कि छतरपुर शहर, जो वर्तमान में नगर पालिका है, इसे जून 2023 में गौरव दिवस समारोह के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर निगम का दर्जा देने की घोषणा की थी। दो साल बाद प्रशासन ने प्रक्रिया शुरु कर दी है। नगर पालिका और राजस्व अधिकारियों ने पूर्व के दस्तावेजों की कमियों को दूर करके नई फाइल स्वीकृति के लिए पीएस को भेज दी है। प्रक्रिया के अनुसार नए प्रस्ताव को पहले कैबिनेट से मंजूरी मिलेगी, फिर राज्यपाल की अनुमति व गजट नोटिफिकेशन होगा।

इसके बाद सरकार प्रशासक नियुक्त करेगी, फिर नगर निगम का संचालन शुरु हो जाएगा। कुल मिलाकर यदि सबकुछ सही रहा तो विधानसभा चुनाव के पहले तक छतरपुर को नगर निगम की सौगात जरुर मिल जाएगी। नगर निगम बनने से शहरी निकाय की शक्तियां बढ़ जाएंगी और शहर के विकास को गति मिलेगी। यहां विकास की योजनाएं महानगरों की तहर बनाकर मंजूर की जाएंगी, नगर निगम बनने से शहर के बजट में भारी वृद्धि होगी। जिससे विकास कार्य तेजी से होंगे।

#### आखिर क्या है नए प्रस्ताव में

छतरपुर नगर पालिका को नगर निगम में अपग्रेड करने के नए प्रस्ताव में शहर की 12 किलोमीटर की परिधि के 25 गांव शामिल किए हैं। ताकि 3 लाख से अधिक आबादी की न्यूनतम शर्त पूरी हो सके। इस प्रस्ताव में गांवों के नाम, जनसंख्या, क्षेत्रफल, सर्वे नंबर, कोर ग्राम से दूरी, गूगल मैप और रंगीन नक्शे और ग्राम पंचायतों में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी शामिल की गई है। अभी छतरपुर शहर का क्षेत्रफल 3171.86 हेक्टेयर है। संशोधित प्रस्ताव में नगर पालिका छतरपुर, बगौता का आंशिक भाग, अमानगंज, बकायन, बगौता, पठापुर, नारायणपुरा, सौरा, मुवासी, सरानी, बरकोंहा, चंद्रपुरा, पलौठा, मौराहा, गौरइया, ललौनी, गोरगांय, कैंड़ी, हमा, टडेरा, गठेवरा, देरी, रगौलियां और धमौरा गांव शामिल होने के बाद शहर का क्षेत्रफल 20628.19 हेक्टेयर हो जाएगा। जरुरत पड़ने पर 5 किलोमीटर से बाहर तक के गांवों को भी शामिल किया जा सकता है।

#### इनका कहना है

छतरपुर के नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों की इस पहल से शहर के शहरी विकास, प्रशासनिक ढांचे और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद बढ़ गई है।

**साजिदा कुरैशी**
पीओ डूडा, छतरपुर

----

नगर पालिका छतरपुर को नगर निगम में अपग्रेड करने के लिए सभी कमियों को दूर करके संशोधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के पास भेजा गया है। प्रस्ताव में आवश्यक पूरी जानकारी शामिल है, जिससे नगर निगम बनने के बाद संविलियन प्रक्रिया आसानी से हो सके। अब आगे की कार्रवाई भोपाल से होगी।

**पार्थ जैसवाल**
कलेक्टर, छतरपुर

## आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे : एएसपी



**हरपालपुर, देशबन्धु।** रविवार को एएसपी आदित्य पटले ने हरपालपुर थाने का निरीक्षण किया। सही व्यवस्था को सराहा और जो कमियां मिली उन्हें दूर करने के निर्देश दिए।

एएसपी ने थाना परिसर का जायजा लेकर व्यवस्था, सुरक्षा इंतज़ाम और लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय कक्ष, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालात सहित पूरे परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय राय से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों और गश्त के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और बेहतर कार्यशैली के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर संसाधन बढ़ाने का आश्वासन भी दिया।

एएसपी श्री पटले ने बताया कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर सक्रियता से काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने अपराध नियंत्रण और जनता से सीधासंवाद बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा पुलिस का व्यवहार पारदर्शी व जनहितकारी होना चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास मजबूत हो।

### मिल्क सांची डेयरी पर अस्पताल के ग्लव्स मिले

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिला अस्पताल से लापरवाही और अव्यवस्थाओं के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को एक और लापरवाही उजागर हुई, जब अस्पताल परिसर में स्थित मिल्क सांची डेयरी में अस्पताल के चिकित्सकीय दस्ताने (ग्लव्स) बेचे जाते पाए गए। सूचना मिलने पर सिविल सर्जन शरद चौरसिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से दस्ताने जब्त किए और कैंटीन संचालक को फटकार लगाते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने संबंधित को नोटिस जारी किया है।

## सफाई कर दूल्हा ने बाबा मंदिर परिसर में रोपे फलदार पौधे



**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक सेवानिवृत्त सीएमओ डीडी तिवारी के नेतृत्व में दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में सफाई करके पौधारोपण किया गया। इस दौरान परिसर में विभिन्न फलदार पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि पुजारी सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने अमरूद का पौधा लगाया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डॉ. एलएन रावत ने कटहल, विशिष्ट अतिथि पूर्व एसडीएम केएल अहिरवार ने सीताफल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। व्यापारी संघ के नीलेंद्र अग्रवाल और कृष्णा कुशवाहा ने गड्ढे खोदने के साथ-साथ परिसर की सफाई में सक्रिय सहयोग दिया। सभी सदस्यों ने पूर्व में लगाए गए पौधों को पानी दिया और उनके संरक्षण व नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी भी ली। आयोजकों ने कहा मंदिर परिसर को स्वच्छ और हरियाली से भरपूर बनाना ही अभियान का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने लगाई क्लास, की कार्रवाई

## कई बीएमओ व बीसीएम का वेतन काटने के निर्देश




**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने लापरवाहों की जमकर क्लास ली। काम में कमी कई बीएमओ व बीसीएम की वेतन काटने के निर्देश दिए, एक आशा कार्यकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया। साथ ही कई अन्य कर्मचारियों को नोटिस भी थमाए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉ आरपी गुप्ता सहित अन्य डॉक्टर, बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने मैटरनल हेल्थ की समीक्षा करते हुए अनमोल पोर्टल पर कुछ गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन समग्र आईडी न होने से नहीं होने पर बक्सवाहा बीएमओ को फटकार लगाते हुए नोटिस देने और बीसीएम की एक दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा सीईओ जनपद के निरंतर संपर्क में रहकर आशाओं को कार्य में लगाएं। कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रसूताओं के के चिन्हांकन की पोर्टल पर कम एंट्री होने पर बड़ामलहरा बीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने के लिए नोटिस जारी करने और छतरपुर ग्रामीण व शहरी बीएमओ को हाई रिस्क महिलाओं का मैनेजमेंट न होने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एनसीडी स्क्रीनिंग में लवकुशनगर एवं राजनगर में खराब स्थिति होने पर लवकुशनगर बीएमओ को नोटिस देने और सीएचओ पर कार्यवाही के निर्देश दिए। टीबी स्क्रीनिंग में लापरवाही पर बीएमओ, टीबी प्रभारी एवं डीटीओ की तीन-तीन दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग में लापरवाही पर राजनगर बीएमओ को नोटिस थमाया गया।

**गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कार्यवाही :** दो गर्भवती महिलाओं की लापरवाही से मृत्यु होने पर संबंधितों की फटकार लगाई गई। भूरी आदिवासी ग्राम ब्रजपुरा किशनगढ़ की मृत्यु दो घंटे विलंब से 108 पहुंचने पर होने के कारण एमडी को पेनाल्टी लगाने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। एएनसी चैकअप न करने पर एएनएम की वेतन वृद्धि रोकने एवं आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

ग्राम चैपरा बक्सवाहा की पूनम आदिवासी का प्लेसेंटा न निकलने से मृत्यु होने पर सीएमएचओ को बीएमओ और बीसीएम की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नो फंग्शनल डिलीवरी प्वाइंट की समीक्षा करते हुए पदस्थापना होने के बावजूद कार्य में लापरवाही करने पर कर्री के डॉक्टर पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बड़ामलहरा, बिजावर, लवकुशनगर बीएमओ को ग्रेडिंग की जानकारी न होने पर एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### सप्तशक्ति संगम में महिलाओं ने उत्साह से लिया भाग

**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर विद्या भारती द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह थीं। विशिष्ट अतिथि भाग्य श्री नातूजी रहीं और एवं अध्यक्षता प्रीति अग्रवाल ने की। अन्य अतिथियों में कविता सोनी एवं पार्षद कीर्ति अग्रवाल मौजूद रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका साधना दीक्षित ने सभी मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर, शाल-श्रीफल भेंट करके स्वागत किया।



सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण, स्व बोध एवं नागरिक कर्तव्यों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा कटारे ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में सर्व व्यवस्था प्रमुख अवधेश अरजरिया एवं हृदेश तिवारी की भूमिका खास रही।

### सुबह पारा 12 डिग्री पर पहुँचा

## मफलर और गर्म कपड़ों से मिली राहत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में सर्दी अपना असर दिखाने लगी है। शनिवार रात से शुरू हुई शीतलहर रविवार सुबह और तेज हो गई। सुबह 7 बजे शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। ठंड के कारण सुबह सड़कों पर सन्नाटा रहा और लोग मफलर, टोपी व गर्म कपड़ों में ही घरों से बाहर निकलते नजर आए।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। अगले सप्ताह तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रविवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप और साफ आसमान रहा, जबकि सुबह-शाम की ठिठुरन से राहत मिलना मुश्किल दिखाई दे रहा है। रबी फसलों की बुवाई पूरी हो चुकी है और किसान बढ़ती ठंड से खुश हैं। गेहूं की फसल पर सुबह ओस की बूंदें जमना शुरू हो चुकी हैं, जो उत्पादन बढ़ाने में सहायक मानी जाती हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान तापमान फसलों के लिए अनुकूल है।

### पति से तंग पत्नी ने पिया ऑल आउट लिक्विड

**छतरपुर, देशबन्धु।** ग्राम कदारी में 30 वर्षीय अंजलि चतुर्वेदी ने अपने पति ब्रजेश चतुर्वेदी की हरकतों से तंग आकर घर में रखा ऑल आउट लिक्विड पीकर जान देने की कोशिश की है। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंजलि की सास शीला ने बताया कि उनका बेटा ब्रजेश रोज शराब पीकर नशे में बहू से विवाद करके मारपीट करता है। शीला ने यह भी बताया कि उन्होंने ही कई बार बेटे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस बार भी ब्रजेश ने रात में नशे में घर आकर अंजलि से झगड़ा किया और उसका गला दबा दिया। इसके बाद अंजलि ने ऑल आउट लिक्विड पी लिया। अंजलि का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### जन सहयोग रसोई ने दूसरी बार कराए सनातनी सामूहिक विवाह

## धूमधाम से कराए गरीब परिवार की 11 कन्याओं के विवाह






*छतरपुर, देशबन्धु। रविवार को जन सहयोग रसोई द्वारा शहनाई गार्डन में द्वितीय सनातनी सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें साधनहीन परिवार की 11 कन्याओं के विवाह वैदिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से कराए गए।*

*सभी दूल्हे बैंड बाजों के साथ घोड़े पर सवार होकर मंच तक पहुंचे। मंच पर वर-वधु ने एक दूसरे को जयमाला पहनाई। भांवर के लिए 3 मंडप सजाए गए थे। जिनमें वर-वधु आते रहे और वैदिक रीति रिवाज से विद्वान पंडितों द्वारा विवाह संस्कार कराए जाते रहे। वर और वधू पक्ष के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। विदाई में वधू को घर गृहस्थी के लिए आवश्यक सामग्री उपहार स्वरुप भेंट की गई। उल्लेखनीय है समिति द्वारा इसके पहले वर्ष 2024 में भी 10 कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं। इस आयोजन में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, छतरपुर रेंज के डीआईजी विजय खत्री, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन कल्पना व बहन रीना सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।*

***ये 11 जोडे बंधे विवाह बंधन में*** *: सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ज्योति कुशवाहा पुत्री देशराज कुशवाहा लहेरा पुरवा संग रविन्द्र कुशवाहा पुत्र कन्हैयालाल कुशवाहा ग्राम देरी छतरपुर, जूली सेन पुत्री पंचू सेन इमलाहा संग नारायण सेन मुकेश सेन बेन्दरी, पार्वती कुशवाहा पुत्री प्रेमा कुशवाहा छुईखदान छतरपुर संग सुबंद कुशवाहा पुत्र बिहारी कुशवाहा ललनजू का पुरवा, अर्चना जाटव पुत्री महादेव जाटव टोरिया मुहल्ला छतरपुर संग संजीव जाटव पुत्र स्व रघुवीर जाटव पहाडी रावत जिला दतिया का विवाह हुआ। इसी तरह कल्लो कुशवाहा पुत्री बजुवाँ कुशवाहा पारवां संग मनोहर कुशवाहा पुत्र झल्लू कुशवाहा बिलहरी, सुहाना कुशवाहा पुत्री नंदकिशोर कुशवाहा अमानगंज मुहल्ला छतरपुर संग मोनू कुशवाहा पुत्र विनोद कुशवाहा त्रिपुरी वार्ड गढा जबलपुर, रानू विश्वकर्मा पुत्री जगदीश विश्वकर्मा बगौता संग जगदीश विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा चरका जिला बांदा उप्र, मोहनी कुशवाहा पुत्री सुन्दरलाल कुशवाहा अजयगढ चौराहा पन्ना संग अर्जुन कुशवाहा पुत्र भगवान दास कुशवाहा अमानगंज मुहल्ला छतरपुर, दीपिका चौरसिया पुत्री बाबूलाल चौरसिया शारदा नगर कालोनी छतरपुर संग पियूष चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया पिपट, अंकिता कुशवाहा पुत्री बाबूलाल कुशवाहा अजयगढ चौराहा पन्ना संग पवन कुशवाहा पुत्र सुरेश कुशवाहा चन्द्रनगर और विनीता कुशवाहा पुत्री हल्के कुशवाहा ढिलापुर का विवाह काशीराम कुशवाहा पुत्र नंदन कुशवाहा निवासी रामपुर के साथ सम्पन्न हुआ।*

***नव युगलों को यह मिले उपहार*** *: समिति द्वारा उपहार में अन्नपूर्णा माता की फोटो, रामायण, कन्या के लिए लहंगा, पायल बिछिया, मंगलसूत्र, ज्वेलरी सेट, श्रृंगार सामग्री, 5 साडियां, शॉल, चप्पल, पलंग, गद्दा, बेडशीट, तकिया, तकिया कवर, कम्बल, ट्रॉली बैग, छोटा गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, प्रेशर कुकर, कलश सेट, स्टील की डलिया, बर्तन सेट, कुपरा, कैसरोल, दूल्हे एवं दुल्हन के लिए घड़ी, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू गुप्ता द्वारा इलेक्ट्रिक प्रेस, बाथरुम सेट, वुडन अलमारी, एलईडी टीवी, कुर्सी टेबल, कूलर, सिलाई मशीन और 5 लीटर की वॉटर कैन भेंट की गई। साथ ही कई समाजसेवियों ने भी अपनी ओर से उपहार भेंट किए।*

सागर, सोमवार 17 नवम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# विपक्ष को जीतने से रोकने की कोशिश

बिहार में मतदान के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने जब बाहर मीडिया के सामने अपने परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई तो पहले अपने दाएं हाथ की तर्जनी उन्होंने दिखाई, फिर अपने पिता और जेडीयू के मंत्री अशोक चौधरी के टोकने पर बाएं हाथ की तर्जनी दिखाई, और इन तस्वीरों और वीडियो में शांभवी चौधरी के दोनों हाथों की तर्जनी उंगलियों पर स्याही के निशान साफ दिख रहे हैं। यह वीडियो वायरल हुआ तो कांग्रेस और राजद जैसे विपक्षी दलों ने उन पर दो बार वोट डालने का गंभीर आरोप लगाया। लेकिन पटना जिला प्रशासन का कहना है कि यह जानबूझकर नहीं किया गया था, बल्कि मतदान अधिकारियों की मानवीय भूल के कारण हुआ। शांभवी चौधरी के अनुसार, मतदान के बाद एक चुनावकर्मी ने गलती से उनके दाहिने हाथ पर स्याही लगा दी। जब पीठासीन अधिकारी ने यह देखा, तो उन्होंने गलती को सुधारते हुए नियमों के अनुसार उनके बाएं हाथ की उंगली पर भी स्याही लगाई।

मोदी शासन के दौर में शांभवी चौधरी वंशवादी राजनीति का एक और उदाहरण हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी दोनों उंगलियों पर वोट देने की स्याही लगवाई वह उनकी राजनैतिक अपरिपच ता को दिखाता है। क्योंकि सांसद होने के नाते उन्हें तो पता ही होना चाहिए था कि स्याही लगवाने के लिए कौन सा हाथ आगे करना है। वहीं मतदान अधिकारी से भी यह लापरवाही अपेक्षित नहीं थी। हो सकता है वाकई शांभवी चौधरी ने एक बार वोट डाला हो, लेकिन ये भी हो सकता है कि जिसे मानवीय भूल बताया जा रहा है, वह असल में दो बार वोट डालने की निशानी है।

बहरहाल, इस प्रकरण को अब यही खत्म कर दिया गया है। लेकिन कल्पना कीजिए कि ऐसी ही कोई भूल राहुल गांधी से हुई होती तो मीडिया में अब तक उनकी कितनी ट्रोलिंग हो चुकी होती। खुद नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और भाजपा के तमाम नेता उनकी लानत-मलामत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इस समय बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार को लेकर भी राहुल गांधी पर सारा ठीकरा फोड़ा जा रहा है। यह सही है कि राहुल गांधी ने बिहार का बार-बार दौरा किया, वहां वोटर अधिकार यात्रा निकाली, संविधान सम्मान सम्मेलन किए, अलग-अलग तबकों से चर्चाएं कीं, लेकिन बिहार का चुनाव न अकेले कांग्रेस लड़ रही थी, न राहुल गांधी चुनावों का चेहरा था। वो तो मीडिया को मोदी के मुकाबले विपक्ष से एक चेहरा खड़ा करना होता है तो राहुल गांधी ही उसके लिए नजर आते हैं। बाकी अब तो मीडिया को भी सोचना चाहिए कि जिस तरीके से बिहार में एकतरफा चुनाव हुए हैं, उसके बाद मोदी बनाम कोई नहीं का नैरेटिव ही वह चलाए तो बेहतर है। आखिर देश में अभी यही तो हो रहा है।

बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन के कमजोर प्रदर्शन और राहुल गांधी को नाकारा साबित करने के लिए अब दलीलें पेश हो रही हैं कि राहुल बीच में विदेश चले जाते हैं, कि राहुल पार्टटाइम राजनीति करते हैं, कि राहुल में परिपच ता नहीं है। इस बार तो उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने राहुल गांधी का अपमान करने के लिए गांधीजी के तीन बंदरों से तुलना करते हुए टप्पू, पप्पू और अप्पू जैसी निकृष्ट बात कही थी। हिमंता बिस्वासरमा ने राहुल गांधी को अपशकुन करने वाला बताया था। निजी स्तर के ऐसे हमले राहुल गांधी पर हमेशा से होते आए हैं, लेकिन फिर भी वे लोकतंत्र बचाने और संविधान संरक्षण के अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होते यही भाजपा की सबसे बड़ी परेशानी है। इसलिए इस हार के बाद राहुल गांधी पर इल्जाम लगाने का एक कारण वोट चोरी का मुद्दा भी बताया जा रहा है। दलील है कि राहुल गांधी ने भाजपा और मोदी पर वोट चोरी के इल्जाम लगाए, इसका उल्टा असर जनता पर हुआ।

जबकि नजर ये आ रहा है कि बिहार के चुनाव ने संविधान में दी चुनावी प्रणाली की धज्जियाँ उड़ा दी हैं। कई प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों ने एक से ज़्यादा वोट डाले हैं। एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत पर चुनाव नहीं हुआ तो फिर भाजपा की जीत पहले ही तय थी। चुनाव आयोग ने एसआईआर में कम से कम 62 लाख वोट काटे और फिर 20 लाख वोट जोड़े गए, जिनमें से 5 लाख वोट तो बिना एसआईआर फॉर्म भरे ही जुड़ गए। 6 अक्टूबर को चुनाव का ऐलान करते हुए ज्ञानेश कुमार ने बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ बताई थी, जो वोटिंग के बाद 11 नवंबर को बढ़कर 7.45 करोड़ कैसे हो गई। इस 3 लाख वोटर के बारे में कांग्रेस ने सवाल किए तो जवाब मिला कि 3 लाख की बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि चुनाव नियमों के अनुसार, योग्य नागरिक चुनाव की घोषणा के बाद भी, मतदान के प्रत्येक चरण में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

लेकिन ऐसा नियम है तो फिर मतदाताओं की संख्या बताने के वक्त ही यह क्यों नहीं बताया गया कि इसमें अभी और नाम जुड़ सकते हैं। चुनाव आयोग ने भाजपा के लिए कैसा पक्षपात किया इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो महिलाओं के खाते में बीच चुनाव में 10-10 हजार की राशि का आना है। यह सरेआम रिश्वत है और विपक्ष ने इस पर पहले ही आपत्ति जताई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कहा जा रहा है कि ये 10 हजार रुपए ही जीत की चाबी बन गए। इसके अलावा बिहार के लोगों के लिए स्पेशल ट्रेन चलवाकर वोट के लिए भेजना, कई जगहों पर स्ट्रांग रुम का सीसीटीवी बंद होना, सुरक्षा के लिए भाजपा शासित राज्यों से ही बल को भेजना ऐसे कई फैसले लिए गए, जिन पर आम तौर पर ध्यान नहीं जाता, लेकिन इनसे धांधली करने में आसानी हो जाती है।

राहुल गांधी इसी तरफ अब लोगों का ध्यान ले जा रहे हैं, इसलिए भाजपा की निगाह में खटक रहे हैं। राहुल गांधी ने वोट चोरी के केवल आरोप नहीं लगाए बल्कि सबूतों के साथ देश के सामने सारा कच्चा चिट्ठा खोल कर रख दिया। डुप्लीकेट वोटर, फ़र्ज़ी पते, नक़ली तस्वीरें, एक घर में 500 वोटर जैसे फ़र्ज़ीवाड़े राहुल गांधी ने देश को दिखाए। राहुल गांधी साफ कह चुके हैं और उनके बाद विपक्ष के दूसरे नेताओं ने भी कहा कि जब हम सत्ता में आएंगे तो ऐसी धांधली करने वालों को बख्शेंगे नहीं। इसलिए अब कोशिश यही है कि विपक्ष को कभी जीत ही नहीं मिले।

# हम अभिमन्यु नहीं अर्जुन हैं चक्रव्यूह बेधेंगे और बाहर भी आएंगे : राहुल

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था अभिमन्यु की तरह घेर कर मार नहीं पाओगे। उन्होंने भाजपा द्वारा चक्रव्यूह रचने की बात करते हुए कहा था कि भारत के लोग अभिमन्यु नहीं अर्जुन हैं तोड़ कर बाहर निकल आएंगे। देश की आम जनता के साथ राहुल ने फिर यह बात अलग-अलग जगह युवा, पिछड़ों, दलितों के लिए भी कही। यह विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। और अगर आप समझना चाहें तो यही उनकी राजनीति। लोगों पर विश्वास। और इसके साथ ही ठीक इसके उलट प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति है जहां जनता तो छोड़िए खुद अपनी पार्टी पर ही उन्हें विश्वास नहीं है। इसके दो उदाहरण। एक राहुल ने यह जो भाजपा द्वारा लोगों को चक्रव्यूह में फंसाए रखने की बात कही थी वह मोदी के लोकसभा में इसी गर्वोक्ति के बाद कही थी जिसमें उन्होंने खुद को अकेला ही सबसे लड़ने में समर्थ बताया था। एक अकेला सब पर भारी। और दूसरा उनकी ही पार्टी के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे ने कहा था कि बिना मोदी के भाजपा कुछ नहीं है। चुनाव नहीं जीत सकती। अब बिहार के बाद यह कहा जा सकता है कि मोदी चुनाव ही नहीं जीतते बल्कि इतने ज्यादा बहुमत से जीतते हैं कि किसी को विश्वास ही नहीं होता। जनता तो पूरी तरह हैरान रह जाती है।

सब कह रहे हैं कुछ ज्यादा हो गया। भाजपा का 88 प्रतिशत स्ट्राइक रेट। उस राज्य में जहां वह कभी प्रमुख दल भी नहीं रही। बिहार में पहले कांग्रेस फिर लालू और फिर नीतीश की पार्टियां प्रमुख दलों में रहीं। मगर मोदी चुनाव आयोग से मिलकर यह कारनामा पिछले साल महाराष्ट्र में भी अंजाम दे चुके हैं। वहां 85 प्रतिशत का स्ट्राइक रेट। वहां भी भाजपा की गिनती कभी प्रमुख दलों में नहीं रही। कांग्रेस, एनसीपी, शिवसेना ही वहां प्रमुख दल रहे। मगर 2024 में भाजपा सिंगल लार्जेस्ट पार्टी 132 सीटों के साथ। अपना मुख्यमंत्री बना लिया। एकनाथ शिन्दे जो चुनाव नतीजों तक मुख्यमंत्री थे उन्हें उप मुख्यमंत्री बनने पर मजबूर कर दिया।

बिहार में वह सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बन गई 89 सीटों के साथ। क्या यहां भी वह महाराष्ट्र को दोहराएगी? सवाल सबके मन में है। मगर जवाब बहुत मुश्किल। मोदी बिल्कुल कोशिश करेंगे। अपना मुख्यमंत्री बनाने तक। मगर नीतीश को शिन्दे की तरह उप मुख्यमंत्री नहीं बना सकते। हां, नीतीश को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का वादा करके अपना मुख्यमंत्री जरूर बनवा सकते हैं।

मोदी इस समय क्या कर सकते हैं कोई नहीं बता सकता। उनके पास अकूत ताकत है। सारी संवैधानिक संस्थाएं हथियार डाल चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कुछ नहीं किया। 65 लाख वोट काट दिए गए। अभी केरल कांग्रेस ने 128 सीटों के आंकड़े देकर बताया कि किस तरह वोट काटने से वहां एनडीए जीता है। वोटर लिस्ट का काम कांग्रेस का करना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने कहा कि वह दो हफ्ते में वह चुनाव धांधलियों के सारे सबूतों के साथ जनता के सामने आएगी। राहुल इससे पहले भी कर्नाटक में वोट चोरी और फिर हरियाणा की वोट चोरी के सबूत दे चुके हैं। मगर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सब संवैधानिक संस्थाएं खामोश हैं।



शकील अख्तर

> बिहार में वह सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बन गई 89 सीटों के साथ। क्या यहां भी वह महाराष्ट्र को दोहराएगी? सवाल सबके मन में है। मगर जवाब बहुत मुश्किल। मोदी बिल्कुल कोशिश करेंगे। अपना मुख्यमंत्री बनाने तक। मगर नीतीश को शिन्दे की तरह उप मुख्यमंत्री नहीं बना सकते। हां, नीतीश को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का वादा करके अपना मुख्यमंत्री जरूर बनवा सकते हैं।

एक अकेला राहुल सबसे लड़ रहा है। ऐसी अविश्वसनीय स्थिति देश में कभी नहीं हुई। चुनाव प्रणाली से लेकर लोकतंत्र सब पर इतने गहरे सवाल खड़े हो गए हैं मगर कोई बोलने को तैयार नहीं। यह तक बताने को तैयार नहीं कि बिहार की इतनी बड़ी जीत का कारण क्या है।

ऐसा कौन सा मुद्दा था जिस पर जनता ने एनडीए को 202 सीटें दे दीं। प्रधानमंत्री जीत के बाद तमाम बातें कर रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस में विभाजन भी करवा रहे हैं। मगर एक मुद्दा ऐसा नहीं बता रहे जिस पर लोगों ने उन्हें ऐसा अभूतपूर्व समर्थन दिया हो। 20 साल से वहां नीतीश की सरकार थी। जिसमें अधिकांश समय भाजपा पार्टनर रही। 11 साल से खुद मोदी की केन्द्र में सरकार है। तो क्या यह प्रो इन्कमबेन्सी वोट था। उनके काम से जनता इतनी खुश थी कि उसने महागठबंधन के रोजगार हर परिवार में सरकारी नौकरी की घोषणा पर कान ही नहीं दिए? रोजगार सरकारी नौकरी उसके लिए कोई विषय ही नहीं थे? केवल मोदी के चेहरे को देखकर वोट दिए? गोदी मीडिया का प्रचार तो यही है कि लोग मोदी के नाम पर वोट देते हैं। उन्हें किसी और चीज से कोई मतलब नहीं।

मान लो अगर ऐसा भी है तो फिर इतनी बड़ी जीत पर बिहार में जश्न क्यों नहीं? बिहार में भाजपा के कार्यकर्ताओं नीतीश के कार्यकर्ताओं के जश्न की कोई खबर नहीं आई। जीते हुए खेमे में भी खामोशी है। तो न कोई मुद्दा न कोई जश्न! मतलब यह जीत जनता की कार्यकर्ताओं की नहीं है। यही सबसे बड़ा सवाल है। जीत किसकी?

अगर केन्द्र सरकार इतनी मजबूत हो जाती है कि वह किसी भी चुनाव को कितने ही भारी बहुमत से जीत सकती है तो फिर कल जनता को तो छोड़िए सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी कौन पूछेगा?

लोकतंत्र की सबसे खराब अवस्था। जब सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव मशीनरी से मिल कर मनचाहे नतीजे लेने लगे। न्याय व्यवस्था खामोश रहे। और मीडिया इस जीत को उन कारनामों को सही ठहराए। कांग्रेस की गलतियां होंगी। तेजस्वी में कमी होगी। मगर क्या अगर एसआईआर के नाम पर 69 लाख वोट नहीं काटे गए होते, हरियाणा से ट्रेन भर-भर कर लोग नहीं ले जाए गए होते, बहुत बड़ी तादाद में नए नाम नहीं जोड़े होते, ऐसे लोग नहीं होते जिन्होंने हरियाणा में दिल्ली में फिर बिहार में वोट नहीं डाले होते तो भी क्या ऐसे ही नतीजे आते? कांग्रेस ने ऐसे 8 सवाल पूछे हैं। मीडिया में आपको कहीं नहीं दिखेंगे। गोदी मीडिया मोदी की हर चीज को जस्टिफाई करने के अलावा वह हर चीज छुपाता भी है जो उनके खिलाफ जाती है।

ऐसे में राहुल ही एकमात्र आशा की किरण नजर आते हैं। एक, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वे डरते नहीं हैं। वैसे तो 2004 से जब से वे राजनीति में आए तब से उनके खिलाफ मगर सरकार में आने के बाद 2014 से बुरी तरह उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। ऐसी कोई कोशिश नहीं छोड़ी जिससे राहुल को नुकसान नहीं पहुंचा सकें।

लोकसभा सदस्यता छिनने, मकान छिनने, ईडी की पूछताछ, दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे, सड़क पर धक्का मारकर गिराने जैसी हरकतें -क्या नहीं किया? इसके अलावा हजारों करोड़ रुपया उनका चरित्र हनन करने पर खर्च किया गया। एक लड़ने वाले आदमी को पप्पू के रूप में चित्रित करने की कोशिश की गई। जो लोकसभा से लेकर विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में वहां के सिनेटरों (सांसदों, चुने हुए प्रतिनिधियों) के सामने बिना प्राम्प्टर के बोलता हो, हर सवाल को लेता हो उसे हल्का दिखाने की कोशिश की गई। प्रेस कान्फ्रेंस तो जाने कितनी करते हैं। हर सवाल लेते हैं। और अभी जब से वोट चोरी पर करना शुरू की है तो मंच पर अकेले होते हैं। बिना किसी सहायता के बोलते हैं।

भयानक विडम्बना है यह कि सैकड़ों पत्रकार यह सब अपनी आंखों से देखते हैं। प्रेस कान्फ्रेंसों में मौजूद रहते हैं। सवाल करते हैं। मगर यह कहने पर बताने पर मजबूर होते हैं कि राहुल नहीं वे मोदी ज्यादा साहसी हैं, बुद्धिमान हैं जिन्होंने 11 साल में आज तक एक प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की। जो बिना टेलिप्राम्प्टर के कहीं बोलते नहीं हैं।

मगर मीडिया के गलत चित्रण, मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत से लेकर अब कांग्रेस के विभाजन की उम्मीदों तक राहुल अविचलित रहे। उनके अंदर की हिम्मत और जनता के प्रति विश्वास ही वह ताकत है जिसकी दम पर वे भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ कर निकलने की बात करते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# कॉरिडोर में कृष्ण: 'कुंज गलियों' का पर्यटन

**■ निशिता बनर्जी, कृषाणु और पवित्रा सी**

15 मई 2025 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तरप्रदेश सरकार को मथुरा के बांके बिहारी मंदिर के आसपास 5 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने की अनुमति दी थी, ताकि 'कॉरिडोर विकास परियोजना' को आगे बढ़ाया जा सके। इस 'अवसंरचनात्मक परियोजना' को न्यायोचित ठहराने के लिए 2022 की भगदड़ में हुई मौतों का हवाला दिया गया, जिसका कारण 'अपर्याप्त बुनियादी ढांचा' बताया गया था।

तीर्थयात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, आजकल कॉरिडोर के रूप में धार्मिक स्थलों पर विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जो आधुनिकीकरण और आध्यात्मिकता का मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। यह अक्सर स्थापित मानकों, नियमों और आवश्यकताओं को दरकिनार कर केवल हिंदू देवता के साथ एक प्रभुत्वशाली संपर्क रचने की मंशा से किया जाता है। सवाल है कि किस तरह 'पवित्र धार्मिकता' राज्य की शहरी-धार्मिक दृष्टि को वैध ठहराने के लिए इस्तेमाल की जाती है?

'बांके बिहारी कॉरिडोर' (बीबीसी) परियोजना, जिसे 2017 में योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल के दौरान 'ब्रज विकास तीर्थ परिषद' (यूपीबीडीटीपी) द्वारा प्रस्तावित किया गया था, राज्य की पवित्र भौगोलिक कल्पनाओं में आ रहे बदलाव का प्रतीक है। यह परियोजना 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' की तर्ज पर तैयार की गई है और इसे मोदी सरकार की 'तीर्थ स्थलों का पुनरोद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन योजना' (पीआरएएसएचएडी) में शामिल किया गया है।

> ऐसे विवादित और साझा दावों वाली जमीन पर होने वाला यह अवसंरचनात्मक विकास तभी संभव हो पाता है जब शहरी विकास से जुड़ी संस्थाओं और योजनाओं के उद्देश्यों को नए सिरे से परिभाषित किया जाए। यह विकास किसे चाहिए, इससे कौन विस्थापित होगा? और इसका लाभ किसे मिलेगा? जैसे बुनियादी सवाल पूछे ही नहीं जाते।

यह 'कृष्ण सर्किट' का हिस्सा है, जो मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना को जोड़ता है। इस परियोजना के तहत नई सरकारी संस्थाओं, योजनाओं और कार्यक्रमों का गठन तथा केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर की कई मौजूदा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी होना है। यह दिखाती है कि शहरी नियोजन और विकास की संस्थागत संरचनाओं को अब एक नई शैली की राज्य-प्रायोजित 'धार्मिक पर्यटन' नीति के तहत पुनर्परिभाषित किया जा रहा है।

कॉरिडोर परियोजना द्वारा किए गए वादे बेहद व्यापक हैं। इस योजना में वृंदावन की ऐतिहासिक 'कुंज गलियों' (जो बांके बिहारी मंदिर के आसपास स्थित हैं और जिन्हें लेकर मान्यता है कि कृष्ण कभी इनमें विचरण करते थे) को चौड़ा करने का प्रस्ताव है। योजना के अनुसार नए संपर्क मार्गों, व्यावसायिक कॉरिडोरों और पार्किंग हब के माध्यम से यमुना तट को मंदिर से जोड़ा जाएगा। कुल रुपए 600 करोड़ रुपयों की लागत से बनने वाली यह परियोजना 'बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट' की जमा राशि से वित्त पोषित की जाएगी। इसके चलते 300 से अधिक इमारतों को हटाया जाएगा, जिससे वर्षों से बसे स्थानीय निवासियों और दुकानदारों पर सीधा असर पड़ेगा।

परियोजना में स्थानीय पारिस्थितिकी को संरक्षित करने के लिए कदम और पारिजात जैसे देशी वृक्षों को शामिल किए जाने की बात कही गई है। हालांकि यह नजरअंदाज करना कठिन है कि प्रस्तावित योजना यमुना के बाढ़ क्षेत्र और तट पर निर्माण को सक्षम बनाती है। इसमें राजमार्गों और अपार्टमेंट परिसरों का एक विशाल नेटवर्क भी शामिल है, जैसे- 'राया हेरिटेज सिटी,' जिसे 'यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी' द्वारा उपजाऊ कृषि भूमि पर विकसित किया जा रहा है।

यह एक पूर्ण स्थानिक पुनर्रचना की ओर इशारा करता है, जो 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत संचालित हो रही है। यहां सरकार नागरिकों की बुनियादी जरूरतों और दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के मुकाबले पुनर्विकास की रणनीतियों, बड़े अवसंरचनात्मक विस्तार और डिजिटल गवर्नेंस को प्राथमिकता देती है। इसके साथ ही जमीन की कीमतों में तेजी से वृद्धि होती है और बड़े शहरों व प्रवासी भारतीयों में देवता के पास दूसरा घर खरीदने की मांग बढ़ती है। इससे शहर में भूमि स्वामित्व का सामाजिक-आर्थिक ढांचा भी बदलता है।

बांके बिहारी मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से पहले कई समूहों और समुदायों की ओर से विरोध सामने आया था। स्थानीय निवासी, सेवायत (पुरोहित), दुकानदार और मथुरा की 'गोस्वामी समुदाय' की महिलाएं योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखकर वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर प्रस्तावित कॉरिडोर का विरोध कर चुकी हैं।

यह विरोध मुख्य रूप से मथुरा और वृंदावन की सांस्कृतिक संरचना में किए जा रहे बदलावों के खिलाफ था, जिन्हें श्रद्धालुओं की अनुमानित भीड़ के अनुसार ढालने की योजना है। विशेष रूप से 'गोस्वामी समुदाय' का विरोध काफी तीव्र है, क्योंकि प्रस्तावित योजना के अनुसार मंदिर का स्वामित्व और प्रबंधन उनकी वंशानुगत परंपरा से लेकर ऐसे मंदिर ट्रस्ट को सौंपा जाना है, जो सनातन धर्म से जुड़े पदेन सरकारी अधिकारियों द्वारा संचालित होगा।

वर्ष 2022 में किए गए अध्ययन के दौरान हमने कई दुकानदारों से बात की, जिन्होंने 'बांके बिहारी कॉरिडोर परियोजना' से संभावित विस्थापन को लेकर अपनी चिंता जताई। उनका डर उस समय और गहरा गया जब उन्होंने देश के अन्य हिस्सों में हुए इसी तरह के कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स का ज़िक्र किया, जैसे- 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' जहां 300 से अधिक मकानों को तोड़ा गया था। उनकी मुख्य चिंता दस्तावेज़ों की अनिश्चितता को लेकर थी।

कई दुकानदारों ने आजीविका पर मंडराते खतरे की ओर इशारा करते हुए कहा, 'जिनके पास कागज़ात होंगे, उनको मुआवज़ा मिलेगा।' दरअसल अक्सर दुकान के मालिक और दुकान चलाने वाले अलग-अलग लोग होते हैं। एक अन्य दुकानदार ने कहा, 'यहां लोगों की पुश्तैनी ज़मीनें हैं, कहां से लाएंगे कागज़ात?' यह मथुरा और वृंदावन जैसे ऐतिहासिक शहरों में दस्तावेज़ों की कमी और ज़मीनी हक़ीक़त को उजागर करता है।

प्रदर्शनकारियों और न्यायालय के निर्णय के बीच का टकराव राज्य की एक महत्वपूर्ण मंशा को उजागर करता है। यह बाध्य करता है कि धार्मिक अवसंरचना का निर्माण और एक ऐसी नगरीय कल्पना संभव हो सके जो सवर्ण हिंदू आधुनिकता और सौंदर्यशास्त्र से संचालित होती है। परियोजना के दस्तावेज़ में जिस 'निर्बाध अनुभव' की बात की गई है, वही वह तरीका है जिससे श्रद्धालुओं को 'बांके बिहारी कॉरिडोर' का अनुभव कराया जाना है। जहां वर्तमान में मौजूद संकरी गलियों, घरों, दुकानों और पारंपरिक व असंगठित आजीविका, जैसे- रेहड़ी-पटरी वाले, दुकानदार, व्यापारी, कारीगर, विधवाएं और भिक्षुकों की दुनिया को हटाकर एक 'निर्बाध सौंदर्य अनुभव' में बदला जाना है।

इसका अर्थ है चौड़ी गलियों, एक्सप्रेसवे, मोटर वाहनों के लिए बने विस्तृत रास्तों, नए पार्किंग स्थलों, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और बाढ़ क्षेत्र पर बने नदी तटों का निर्माण। ये सभी तत्व मिलकर एक नई राजनीतिक दिशा को जन्म देते हैं जहां वृंदावन को केवल एक भावनात्मक, जीवंत भू-दृश्य के रूप में नहीं, बल्कि एक साफ-सुथरी, उपभोग योग्य जगह के रूप में रूपांतरित किया जा रहा है।

ऐसे विवादित और साझा दावों वाली जमीन पर होने वाला यह अवसंरचनात्मक विकास तभी संभव हो पाता है जब शहरी विकास से जुड़ी संस्थाओं और योजनाओं के उद्देश्यों को नए सिरे से परिभाषित किया जाए। यह विकास किसे चाहिए, इससे कौन विस्थापित होगा? और इसका लाभ किसे मिलेगा? जैसे बुनियादी सवाल पूछे ही नहीं जाते। इस पूरी प्रक्रिया में अंतिम प्रहार उस दिशा में होता है जहां एक धार्मिक, औद्योगिक तंत्र खड़ा करने की कोशिश की जाती है, जिसके तहत इन स्थलों के इतिहास और स्मृतियों को मिटाया और नए सिरे से लिखा जाता है।

**(निशिता नोएडा स्थित एक क्षेत्रीय ओटीटी प्लेटफॉर्म में शोधकर्ता हैं। कृषाणु दिल्ली के 'पीपुल्स रिसोर्स सेंटर' में शहरी शासन और गतिशीलता के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। पवित्रा बेंगलुरु में स्वतंत्र शोधकर्ता और लेखिका हैं।)**



# ललित सुरजन की कलम से

## कांग्रेस का नेहरू को याद करना

*'मैं 17 तारीख को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उपस्थित था। विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों ने पंडित नेहरू को जिस भावुकता के साथ स्मरण किया उससे मैं प्रभावित हुआ। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने याद किया कि उनके स्कूल की किताब में नेहरूजी का निबंध था तथा उस पाठ में नेहरूजी ने भारत माता को जिस तरह से परिभाषित किया था उसने उनके मन में एक गहरी छाप छोड़ी थी। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री व कम्युनिस्ट नेता माधव नेपाल ने नेहरूजी की विश्वमंच पर प्रभावी भूमिका का जिक्र किया और यह भी बताया कि उनके द्वारा गठित योजना आयोग से किस तरह नेपाल को भी प्रेरणा मिली।'*

*'अरब लीग के अध्यक्ष और इजिप्त के पूर्व विदेशमंत्री अमरे मूसा ने गुट निरपेक्ष आंदोलन खड़ा करने में पंडित नेहरू की भूमिका का जिक्र किया तथा अरब मुल्कों (विशेष कर इजिप्त) के साथ नेहरू युग के समय विकसित और प्रगाढ़ हुए संबंधों को रेखांकित किया। घाना के पूर्व राष्ट्रपति जॉन कूफोर ने भी अफ्रीकी देशों के स्वाधीनता संग्राम को नेहरूजी से मिले समर्थन व सहयोग का उल्लेख अपने वक्तव्यों में किया। किन्तु इन सबसे ज्यादा प्रभावी व्याख्यान भूटान की राजमाता का था। उन्होंने बताया कि 1954 की गणतंत्र दिवस परेड में भूटान नरेश मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे और इस तरह दोनों पड़ोसी देशों के बीच प्रगाढ़ संबंधों की नींव पड़ी जो आज तक चली आ रही है। एक छोटे पड़ोसी देश को पंडितजी ने बराबरी का दर्जा दिया, यह भाव भी उनकी बात में था।'*

**(देशबन्धु में 27 नवंबर 2014 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/11/blog-post_30.html**

# गुरवाणी विचार

## बिन भागा सतसंग न लभै

माई मन मेरो बलि नहिं
निस बासुर बिखियन को धावत किह विधि रोको ताहि (रहाओ)
वेद पुरान सिम्रति के मन सुनि निमखन हीऐ बसावै
पर धन पर दारा सिओ रचिऐ बिरथा जनम सिरावै
मदि माइआ के भयो बावरो सूझत नहिं कछु गिआना
घट ही भीतर बसत निरंजन ताको मरमु न जाना
जब ही सरनि साध की आइये दुरमत सगल बिनासी
तब नानक चेतिओ चिंतामन काटी जम की फासी।

गुरवाणी की ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 632 अंगों से ली गई हैं। इसमें नौंवे नानक गुरु तेग बहादुर साहिब जी मानव मन को समझा रहे हैं। कभी भी किसी इंसान को ज्यादा दुख तकलीफ हो जाती है तो उसके मुख से हे मेरी मां, हाये मां ही निकलता है इसलिए माई द्वारा संबोधन कर के फरमा रहे हैं कि मेरा मन मेरे वश में नहीं आ रहा इसे किस तरीके से समझाऊं उसके हर तरफ अज्ञानता का अंधेरा फैला हुआ है उसी से ही वक्त उलझा रहता है। चारों तरफ पांचों बटमार, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार घेरे रहते हैं और हर वक्त उलटे ऐसे कर्म करते हैं जिसे प्रभु परमात्मा इसमें बिसरता रहे। इस तरह इसका सारा जीवन सांसारिक मोह, माया, लोभ-लालच में ही भटकता रहता है। इसे इस बात का भी अहसास है कि यह जो कुछ भी कर रहा है वह सब मिथ्या है, मृगतृष्णा है। इससे हमें कुछ हासिल होने वाला नहीं है क्योंकि जो कुछ भी हमें दिख रहा है वह सब नाशवान है-

जो दीसै सगल विनासे जीओ बादल की छाई।

जिस तरह आसमान में छाई बदली हमें क्षणिक मात्र तो राहत देती है पर वह हमेशा रहने वाली नहीं है। अगर बालू रेत पर मकान बनाया जाए तो वह ज्यादा देर टिकने वाला नहीं है-

बालू भीत बनाई रचि पचि रहत।
नहीं दिन चार तैसे ही सुख माईआ।।

ठीक उसी प्रकार हमने ऐन केन प्रकारेण धन इकट्ठा किया वह ज्यादा देर रहने वाला नहीं है। सांचा धन तो केवल प्रभु सिमरन करने पर ही प्राप्त हो सकता है और हमें हर वक्त धन की प्राप्ति का प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि वही हमारे काम आने वाला है। तभी गुरुवाणी द्वारा हमें पग पग पर समझाया गया है- क्या धन संच्चे मूरख गंवार। इसलिए हमें हर वक्त सच्चा धन ही इकट्ठा करना है वही हमें इस भव सागर से पार उतार सकता है। तभी गुरु देव समझाते हैं कि- गुरमुख लाहा ले गये मनमुख चले मूल गंवाये जाओ। जो कुछ प्रभु परमात्मा ने हमें कुछ श्वांसों की पूंजी देकर इस संसार में भेजा है, उसका हम भरपूर लाभ उठा लें-

श्वांस श्वांस सिमरे गोबिंद।
मन अंतर की उतरे चिंद।।

अगली पंक्तियों में आप फरमा रहे हैं कि कभी सत संग में नहीं गए, कभी साध संगत नहीं की तो जीवन नौका कैसे पार होगी। क्योंकि -

बिन भागा सतसंग न लभै।
बिन संगत मैल भरीजै जीओ।।

जनम जनम की मैल हमारे तन मन में भरी हुई है। वह केवल साधसंगत में जाकर प्रभु सिमरन करते रहने पर ही धोई जा सकती है। कपड़े की मैल तो साबुन से धो सकते हैं पर आत्मा में जो पापों की मैल चढ़ी हुई है वह केवल सिमरन बंदगी से ही धोई जा सकती है-

भरिये मति पापा के संग-ओह धोवै नांवे के रंग।

क्योंकि हम सारे संसार में सब नाशवान है, केवल अविनाशी प्रभु परमात्मा ही हैं और उसके दरबार में जगह पाने के लिए उसकी सिमरन बंदगी करनी पड़ेगी। तभी हमें उसके सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो पाएगा। प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास जी ने बेगमपुर नाम दिया है - बेगमपुरा शहर का नांवो जहां फिर हर वक्त आनंद ही आनंद की प्राप्ति हो होती रहेगी। जनम- मरण का चक्कर खतम हो जाएगा। इसीलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से यही प्रार्थना करते रहना है। हम पर विशेष कृपा बनाए रखें ताकि हम उनके सिमरन भक्ति में लगे रहें। हम अपने,परिवार के उदरपोषण करने हेतु नेक कमाई भी करते रहें पर मन हमारा हर वक्त उस निरंकार की सिमरन भक्ति में लगा रहे।

बिसर नाहीं दातार अपना नांवो देवो।
गुन गांवा दिन रात नानक चावो ऐहो।।

-इंदर सिंह आहुजा

# आपके पत्र

## बिहार में भाजपा विरोधी दल एकजुट होकर नई लकीर खींच सकते हैं!

यह सुनकर लोग आश्चर्यचकित होंगे कि राजद को बिहार चुनाव में सबसे ज़्यादा मत मिले हैं। यह हकीकत, चुनाव आयोग के आंकड़े ही बता रहे हैं कि ताज़ा बिहार चुनाव में सर्वाधिक वोट पाने वाली पार्टी राजद ही है जिसे जंगल राज वाली पार्टी कहकर बड़े साहिब ख़त्म होने वाली बात कह रहे हैं। आइए देखते हैं, महागठबंधन की एक पार्टी राजद की क्या स्थिति रही है वोटों में, लेकिन फिर भी सीटें बहुत कम हो गई हैं। निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक राजद को सर्वाधिक 1.15करोड़ से अधिक वोट हासिल हुए जबकि भाजपा को लगभग 1 करोड़ वोट मिले। एनडीए के जदयू को तीसरा स्थान मिला उसे96.67लाख मत हासिल हुए। चौथे स्थान पर कांग्रेस रही उसे 43.7लाख मत मिले। लेकिन एनडीए को टोटल मिले मतों की संख्या 2.3 करोड़ है, जबकि महागठबंधन को कुल 1.88करोड़ वोट हासिल हुए हैं। इसका मतलब यह तो नहीं कि महागठबंधन समाप्त हो गया या सुपर उनके तरीके से कहें कि गर्दा उड़ गया।

भाजपा को राजद से 15 लाख वोट कम मिलते हैं लेकिन सीट मिलती है राजद से 64 ज़्यादा। ऐसा संभव हुआ चुनाव आयोग की बदौलत। इस गणित को समझना होगा। ये क्यों और कैसे होता है? इसके अलावा कुल मतदाताओं की संख्या से तीन लाख वोट ज़्यादा डाले गए। ऐसा कैसे संभव हुआ? इसकी जानकारी चुनाव आयोग नहीं देगा क्योंकि उससे तो अदालत भी सवाल जवाब नहीं कर सकती। वह सर्वशक्तिमान है। उसके ऊपर कोई नहीं।

इससे पूर्व गत वर्षों में हुए चुनावों में भी वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया के सारे अनुमानों को फेल करते हुए भाजपा के पक्ष में परिणाम आए थे। लोग आश्चर्यचकित थे लेकिन विरोध कहीं दिखाई नहीं दिया। लेकिन बिहार में चुनाव परिणामों को लेकर आक्रोश है वह सड़कों पर उतर आई। जो स्पष्ट करती है कि ये परिणाम उसके डाले वोट के विपरीत है। उन्हें लूटा गया है।

अब ऐसे माहौल में जहां भाजपा बड़ी पार्टी तो है पर गठबंधन के दल जिसमें नीतीश बाबू का जेडीयू प्रमुख है और वे भली-भांति जान रहे हैं,कि भाजपा ने उन्हें ठिकाने लगाने का खेल रचा है। यदि नीतीश की जगह कोई संघी को मुख्यमंत्री बनाने की भनक नीतीश कुमार को सुनाई देती है तो वे पलटीमार राजद और अन्य दलों से मिलकर भाजपा को सबक सिखा सकते हैं। इसमें दो मत नहीं।

वैसे भाजपा ने जिस तरह सरकारें गिराई हैं उसी अंदाज़ में चाचा-भतीजे और अन्य इकट्ठे हों तो यह एक नया और देश हितैषी प्रयोग होगा तथा नीतीश बाबू का कद निश्चित तौर पर बढ़ेगा। देखना यह है कि नीतीश कुमार ये रिस्क लेने का कितना माद्दा रखते हैं। ऐसे कयास बहुत पहले से लगाए जा रहे थे लेकिन भले ही मत पाने राजद नंबर वन हो पर कम सीट होने से नया गठबंधन बनाना होगा। भाजपा और संघ से नाखुश दल मिलकर यह काम कर सकते हैं। कुछ इस तरह नीतीश कुमार मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और चिराग पासवान तथा केबिनेट मंत्री ओवैसी,कांग्रेस,माकपा माले। अन्य मंत्री अन्य दलों से।

ये निरी कल्पना नहीं। इससे राज्य के तमाम जीते दलों को प्रतिनिधित्व मिल सकता है तथा ऐसे समीकरण से तानाशाह बनती भाजपा पर सभी जगह लगाम लगाई जा सकती है।

**सुसंस्कृति परिहार**

आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा-

# जनजातीय गौरव दिवस हमारे लिए दीवाली और होली की तरह



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत माता के अमर सपूत स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दीवाली और होली की ही तरह है। डॉ. यादव ने कहा कि पांचवें जनजातीय गौरव दिवस पर चारों दिशाओं में भारत अपने जनजातीय नायकों की स्मृतियों को पूज रहा है।

डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और वंदे मातरम् के समवेत गायन में सहभागिता की। साथ ही बिरसा मुंडा और छीतु किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया। डॉ. यादव ने कहा कि जनजातियों के पराक्रम और परिश्रम से सजी आलीराजपुर की पावन मिट्टी में आजादी की लड़ाई के 2 अमर योद्धा शहीद छीतु किराड़ और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जन्म लिया है। शहीद छीतु किराड़ ने 1857 के संग्राम में जनजातीय शक्ति को संगठित कर अंग्रेजों को नाकों चने चबवा दिए। भगवान बिरसा मुंडा और अमर शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा के अनावरण का अवसर प्राप्त होना परम सौभाग्य की बात है। जनजातीय संस्कृति से समृद्ध आलीराजपुर क्षेत्र किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश को विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को 250 करोड़ रुपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आलीराजपुर जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आलीराजपुर 150 से अधिक गांवों को सिंचाई के लिए अब नर्मदा मैया का पानी मिल रहा है।

वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने संकल्पों के बल पर अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। आज हमारी युवा पीढ़ी को उनके कार्यों और आदर्शों का अनुसरण करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद श्रीमती अनीता चौहान, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत, संभाग आयुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े, इंदौर आईजी अनुराग, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनजातीय भाई-बहन उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने सीखा अदालत में पैरवी करने का व्यहारिक अनुभव




## इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न

**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय में इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं फाइनल चक्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज के डीन प्रो. मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल चक्र में निर्णायक के रूप में राज्य साइबर मुख्यालय के विधि अधिकारी अरविंद सिंह दांगी उपस्थित रहे तथा आमंत्रित अतिथि एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एनके थापक एवं रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी थे। प्रतियोगिता की समस्या संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 25 एवं अनुच्छेद 26 पर आधारित सबरीमाल पकरण पर आधारित थी। इसके सेमीफाइनल के लिए 6 टीमों ने क्वालीफाई किया था तथा फाइनल में 2 टीमों के बीच प्रतियोगिता हुई। फाइनल में निर्णायक के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल तथा प्राधिकरण के वकील सुधीर दुबे उपस्थित थे। फाइनल में युमना मसूद, तान्या जायसवाल एवं मानवेंद्र सिंह गुर्जर की टीम विजेता रही तथा महक अहिरवार, ओम नामदेव एवं अदिति पारे की टीम उपविजेता रही। बेस्ट स्पीकर अवॉर्ड महक अहिरवार, बेस्ट रिसर्चर अवॉर्ड सानिया मीणा तथा बेस्ट मेमोरियल अवॉर्ड स्वाति कुमारी, रोहिणी वर्मा एवं तनुष्का सोनी ने प्राप्त किया। न्यायाधीश द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में डीन प्रो. साहू ने निर्णायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापकों सहित विभाग के सभी कर्मचारी एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता पर एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ अनुपम चौकसे एवं संचालक धर्मेन्द्र गुप्ता सहित सभी ने बधाईयां दी।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की वाक् कुशलता, कानून का सूक्ष्म ज्ञान, प्रक्रिया की जटिलताएं पेश करने की कला सिखाना था। प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से अदालत में प्रकरण को कैसे प्रस्तुत करते हैं तथा अदालत में किन नियमों का पालन करना होता है, इसका व्यहारिक अनुभव सीखा।

# वित्तीय क्षेत्र में जमा अथवा निवेश धन के निराकरण के लिए शिविर आयोजित




**भोपाल, देशबन्धु।** वित्तीय संस्थानों में लंबे समय से जमा अथवा निवेश किए गए ऐसे धन जिन पर उनके मालिक ने लंबे समय से दावा नहीं किया है,के सुगम और त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्रीय निदेशक रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया सुश्री रेखा चंदानावेली की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय मे किया गया। शिविर का आयोजन जिला अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। जिसमें सभी बैंको के अधिकारी, एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस एवं अन्य निजी क्षेत्र के इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। क्षेत्रीय निदेशक ने सभी वित्तीय संस्थानों के प्रकरणो को निपटान के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की एवं उनके लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी बांटे। शिविर के माध्यम से उन्होने भोपाल की जनता से भी इस अभियान का लाभ उठाने के लिए अपील की।

## किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले : कंसाना

**भोपाल, देशबन्धु।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि किसानों के कल्याण से जुड़ी सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, जिससे प्रदेश के कृषकों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने यह निर्देश विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। श्री कंषाना ने पूर्व में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने 'भावांतर योजना' की प्रगति पर चर्चा की और किसानों के हित में भावांतर योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही फार्म हाउसों के विकास तथा बीज निगम की कार्यप्रणाली पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया।

सुवासरा में मनीष व्यास खुदकुशी मामले में कार्रवाई

# लाखों उधार लेकर हड़पने वाले के आलीशान मकान पर चला बुलडोजर



**मंदसौर, एजेंसी।** सुवासरा में जमीन-जायदाद का कारोबार करने वाले मनीष व्यास ने शुक्रवार को ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी थी। मनीष ने सुवासरा के ही अमजद पठान और उसके परिजनों को 54 लाख रुपये उधार दिये थे। यह राशि उसने अपने पास से नहीं, बल्कि दूसरे लोगों से उधार लेकर दी थी। बार-बार तगादा करने पर भी अमजद पैसे नहीं लौट रहा था। वह कस्बे में भी चोरी-छिपे आता था। इससे परेशान मनीष ने आत्महत्या कर ली।

इस घटना को लेकर शनिवार को सैकड़ों लोगों ने मनीष का शव को रखकर प्रदर्शन किया और अमजद का मकान धराशायी करने की मांग की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उनकी मांग मानते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। दूसरी तरफ फरार अमजद पठान और उसके परिजनों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी अमजद पठान अपने आपको भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष बताता था।

## अमजद के साथ तस्वीर वायरल होने के बाद विधायक भी घिरे



पूर्व मंत्री एंव सुवासरा से विधायक हरदीप सिंह डंग अब नए विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया में श्री डंग और मनीष व्यास आत्महत्या मामले के आरोपी अमजद उर्फ़ आजम पठान की तस्वीर वायरल हो रही है। अमजद भाजपा में था और अक्सर विधायक की आड़ लेकर बच जाता था। कहा जाता है कि वह विधायक के नाम पर दुकानदारी भी चलाता था। मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विधायक की ओर से वायरल तस्वीर के बारे में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# अब जनगणना के बाद ही हो सकेगा जिले और तहसीलों का पुनर्गठन

• स्वप्निल तिवारी

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकार ने प्रशासनिक सहूलियतों के मद्देनजर राज्य की प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन करने का फैसला किया था। इसके तहत तहसीलों, जिलों और संभागों का पुनर्गठन होना है। इस काम के लिए तीन सदस्यीय मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का गठन भी किया गया जिसकी रिपोर्ट अभी आना बाकी है। लेकिन अब पुनर्गठन का काम जनगणना यानी 2027 के पहले शायद ही हो पाए। इसकी वजह शासन का वह आदेश है जिसके तहत 1 जनवरी से प्रदेश सभी प्रशासनिक इकाइयों की सीमा स्थिर कर दी गई है। यह आदेश जनगणना पूरी होने तक लागू रहेगा। ऐसे में आयोग भले ही अपनी रिपोर्ट सौंप दे लेकिन इसे लागू जनगणना के बाद ही किया जा सकेगा।

राज्य सरकार तहसीलों और जिलों का पुनर्गठन भले ही जल्द से जल्द करना चाहती है लेकिन यह 31 मार्च, 2027 के बाद ही हो सकेगा। इसकी बड़ी वजह राज्य की प्रशासनिक इकाइयों को फ्रीज़ या स्थिर किया जाना है। प्रशासनिक इकाइयों को स्थिर 2026-27 में होने वाली जनगणना के मद्देनजर किया गया है। ऐसे में राज्य सरकार 31 दिसंबर के बाद किसी भी प्रशासनिक सीमाओं में रद्दोबदल नहीं कर पाएगी। वहीं, पुनर्गठन आयोग अब तक राज्य के 55 में से 26 जिलों का ही दौरा कर सका है। आयोग को सभी जिलों के दौरे के बाद संबंधित सभी पक्षों के साथ भी चर्चा करनी है। इसमें राजनीतिक दल भी शामिल हैं। इसके बाद पुनर्गठन आयोग अपनी सिफारिशों का मसौदा तैयार कर उस पर दावे-आपत्ति के लिए समय देगा और उनका निपटारा करेगा। इसके बाद अंतिम सिफारिश राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। ऐसे में यह संभव नहीं लग रहा है की डेढ़ महीने के भीतर आयोग अपनी सिफारिश सरकार को सौंप दे। जाहिर है, सरकार आयोग की सभी बातें नहीं मानेगी और राजनीतिक नफा- नुकसान देखने के बाद ही सिफारिशों को लागू किया जाएगा। इन सारी प्रक्रियाओं में काफी समय लगेगा।

मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एसएन मिश्रा के मुताबिक, प्रशासनिक इकाइयों को स्थिर करने से आयोग के कामकाज पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आयोग अपना काम करता रहेगा और तमाम आवश्यक जानकारियां जुटाने के बाद ही अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि हो सकता है इसमें कुछ समय लगे लेकिन पूरी जानकारी उपलब्ध होने के बाद ही रिपोर्ट पेश की जाएगी।

अध्यक्ष के मुताबिक, आयोग को प्रशासनिक सीमाओं के पुनर्गठन की सिफारिश ही नहीं करनी है बल्कि यह भी बताना है कि वहां कितना अमला और किस गुणवत्ता का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नए जिले और तहसीलें बनाने या उनके पुनर्गठन के लिए वहां की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, मुख्यालय से दूरी आदि 33 बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

## राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 18 से

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में 18 नवम्बर से 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग सहभागिता कर रहा है। प्रदर्शनी में 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केन्द्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और वैज्ञानिक विचार विकसित करना है। इस कार्यक्रम में देश के समस्त प्रदेश एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थी शामिल होंगे। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं जैसे आंचलिक विज्ञान केन्द्र, आईसर, मैनिट, आईसेक्ट एवं ग्लोबल स्किल पार्क के वैज्ञानिक सहभागी विद्यार्थियों के साथ वैज्ञानिक वार्ता में विशेष व्याख्यान देंगे। इसके बाद 30 मिनट विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी भी होगी। प्रदर्शनी में शाम को प्रतिदिन विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विभिन्न राज्यों से आये विद्यार्थियों को राजधानी भोपाल के आसपास ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों, विज्ञान केन्द्र, शिल्प केन्द्र आदि का भ्रमण भी कराया जायेगा।

सैम ग्लोबल विवि में आयोजित संगोष्ठी में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा-

# आयुर्वेद के सिद्धांतों का वैश्विक विस्तार समय की मांग



**भोपाल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति और विज्ञान का समन्वित स्वरूप है, जिसे आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में समाहित करना समय की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के सिद्धांतों का उन्नयन और उनका व्यापक एकीकरण आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास के लिये जरूरी है। मंत्री सुश्री भूरिया रविवार को सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित सु-संतति 2.0 संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं।

- कोविड काल में आयुर्वेद ने बचाई अनेक जिंदगियां
- कुपोषण से लड़ाई में आयुर्वेद कारगर हथियार

मंत्री सुश्री भूरिया ने प्राचीन ज्ञान और विज्ञान के माध्यम से सुजनन विज्ञान की विरासत को आगे बढ़ाना विषयक संगोष्ठी की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन समयानुकूल और भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेश की लगभग 75 प्रतिशत जनसंख्या तक पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर कार्य कर रहा है, जो इसे सबसे प्रभावी जनहितकारी विभाग बनाता है। उन्होंने कहा कि कमजोर और एनीमिक मां, कुपोषित बच्चों को जन्म देती है, जिससे उनका संपूर्ण जीवन जोखिम में रहता है। वहीं कुपोषण का दुष्चक्र देश की प्रगति में भी बाधक बनता है।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि कोविड काल ने यह सिद्ध कर दिया कि आयुर्वेद, योग और प्राचीन उपचार पद्धतियां आज भी उतनी ही प्रभावी हैं जितनी सदियों पहले थीं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने घरेलू आयुर्वेदिक उपायों से अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा। इसी कारण आज के युग में आयुर्वेद को उन्नत कर स्वास्थ्य व्यवस्था में शामिल करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आयुष विभाग के माध्यम से आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि आयुर्वेद पर उनकी आस्था ही थी कि उन्होंने अपनी विधानसभा और जिला स्तर पर कुपोषण निवारण का बड़ा अभियान 'मोटी आई' शुरू किया। इसमें बच्चों को आयुर्वेदिक तेल से मालिश, आयुर्वेदिक उपचार और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया। जिले में 1950 चिन्हित बच्चों में से 1800 से अधिक बच्चे कुपोषण मुक्त हो गए। उन्होंने बताया कि इस नवाचार के लिए जिले की कलेक्टर को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार भी मिला है। इस अवसर पर मंत्री सुश्री भूरिया ने सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की चांसलर प्रीति सलूजा, चेयरमैन डॉ. हरप्रीत सिंह और वाइस चेयरमैन इंजीनियर अभिराज द्वारा आयुर्वेद और प्राचीन भारतीय ज्ञान की दिशा में किये गये इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा की भविष्य में भी ऐसे विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होते रहेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का जवाब

# आधार सिर्फ पहचान का दस्तावेज, नागरिकता का नहीं



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को साफ कर दिया है कि आधार कार्ड को केवल पहचान साबित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं। बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष संशोधन को लेकर उठी कानूनी बहस के बीच आयोग ने यह स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इस संबंध में जरूरी निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आधार की कानूनी सीमाओं पर न्यायालय पहले ही स्पष्ट राय दे चुका है।

चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 सितंबर को ही स्पष्ट कर दिया था कि मतदाता सूची के अद्यतन के दौरान आधार कार्ड का उपयोग केवल पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। इसके आधार पर आयोग ने 9 सितंबर 2025 को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश जारी किए थे कि आधार को नागरिकता प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया निर्वाचन सूची में नाम जोड़ने या हटाने के दौरान पालन की जानी अनिवार्य है।

**आधार उपयोग पर दायर याचिका**-यह जवाब उस इंटरलोक्यूटरी आवेदन पर दिया गया, जिसमें अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने मांग की थी कि आधार का उपयोग केवल पहचान प्रमाण और प्रमाणिकरण के लिए ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा था कि यह प्रक्रिया कानूनी धाराओं की भावना के अनुरूप ही होनी चाहिए। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि उसके सभी मौजूदा निर्देश इसी प्रावधान का पालन करते हैं।

**आधार नागरिकता, निवास या जन्म का प्रमाण नहीं**-चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि यूआईडीएआई ने अगस्त 2023 में जारी कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया था कि आधार कार्ड ना तो नागरिकता का प्रमाण है, ना निवास का और ना ही जन्मतिथि का। आयोग ने कहा कि इसी हरूका हवाला बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी दिया था, जिसमें कहा गया था कि जन्मतिथि साबित करने की जिम्मेदारी आधार धारक पर ही रहती है। आयोग ने बताया कि अदालत के आदेश और यूआईडीएआई दोनों ही स्पष्ट रूप से यह तय करते हैं कि आधार को सीमित भूमिका में ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट पहले ही कर चुका है स्पष्ट टिप्पणी**-चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि आधार नागरिकता या डोमिसाइल का प्रमाण नहीं है। अदालत ने 7 अक्टूबर को उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह देखते हुए कहा था कि इस मुद्दे पर अदालत की स्थिति पहले से स्पष्ट है। आयोग का कहना है कि वही कानूनी स्थिति उसके प्रशासनिक आदेशों में भी लागू की गई है।

## एमडी ड्रग के साथ युवती गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** टीला जमालपुरा पुलिस ने ड्रग तस्करी के मामले में युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती के कब्जे से 1 लाख 52 हजार रुपए कीमत की 9 ग्राम एमडी और आईफोन जब्त किया गया है।

डीसीपी अभिनव चौकसे के मुताबिक, मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी थी एक युवती एमडी ड्रग के साथ ग्राहक के इंतजार में इस्लामी गेट के पास खड़ी है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। युवती ने अपना नाम अक्सा उर्फ आसिया खान उम्र 25 वर्ष निवासी 5-2 चित्रांश अपार्टमेंट, बीडीए कॉलोनी, कोहेफिजा का होना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पर्स के अंदर छोटी-छोटी 8 पारदर्शी पन्नियों में 9 ग्राम एमडी ड्रग्स (सफेद रंग का बारीक पाउडर) और एक एपल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। मादक पदार्थ और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया। खान के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। अब पुलिस उसके स्थानीय नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। बताया गया है कि आरोपी अक्सा कोहेफिजा के प्रतिष्ठित घराने से ताल्लुक रखती है। उसके पिता आजम खान विमानतल मार्ग स्थित बड़वाई में खेल मैदान का संचालन करते हैं। आसिया बीकॉम स्तानक है और शहर के अलग-अलग हुक्का लॉज पर उसका उठना-बैठना है।


म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर

क्रमांक 1013 /स.अ./आवंटन / सागर/2025 दिनांक 06.11.2025

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. हरिसिंह गौर नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक EWS-A-32 मण्डल द्वारा श्री राजकुमार सेन पिता श्री काशीराम सेन के नाम से पंजीकृत किया गया था। जिसमें श्रीमति सपना सेन पति श्री राजकुमार सेन का सहक्रेता के रूप में दर्ज किया गया। जिसका विक्रय विलेख मण्डल द्वारा दिनांक 03.07.2025 को निष्पादित कराया गया। श्री राजकुमार सेन पिता श्री काशीराम सेन एवं श्रीमति सपना सेन पति श्री राजकुमार सेन के द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 01.09.2025 के माध्यम से श्रीमति नीतू रावत पति श्री कपिल रावत को विक्रय किया। श्रीमति नीतू रावत पति श्री कपिल रावत द्वारा उक्त भवन स्वयं के नाम से नामान्तरित / हस्तान्तरित कराने हेतु आवेदन / दस्तावेज / शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तान्तरण / नामान्तरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

## सार समाचार

### हनुमान मंदिर में अखंड रामायण एवं भंडारा संपन्न

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर गोल क्वार्टर के पास स्थित, श्री श्री 1008 श्री रेंज के हनुमान जी मंदिर प्रांगण में श्री उत्पन्ना एकादशी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार 15 नवंबर 2025 को प्रातः काल से अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ, रात्रि में जागरण कार्यक्रम रखा गया एवं रविवार दिनांक– 16/11/2025 की शाम को रामायण पाठ विश्राम के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया, जिसमें भारी संख्या में नगरवासियों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

मंदिर के पुजारी श्री भुवनेंद्र श्रोतीय ने बताया कि प्रतिवर्ष मंदिर में अखंड रामायण एवं भंडारे का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें नगर के सभी श्रद्धालु शामिल होकर, प्रसादी ग्रहण करते हैं। मंदिर प्रांगण में जगह का अभाव है, फिर भी श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से संपूर्ण कार्यक्रम, प्रतिवर्ष निर्विघ्न संपन्न होता आया है, और आगे भी इसी प्रकार होता रहेगा। मंदिर के बड़े पुजारी अनिरुद्ध श्रोतीय ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष उत्पन्ना एकादशी के उपलक्ष्य में किया जाता है। पुराणों की मान्यतानुसार एकादशी व्रत की शुरुआत उत्पन्ना एकादशी से ही हुई है। इसी कारण उत्पन्ना एकादशी को सभी एकादशी में प्रथम माना गया है। इसी कारण से मंदिर से जुड़े भक्तों के सहयोग से, प्रतिवर्ष इसी उपलक्ष्य में एक दिवसीय अखंड रामायण, रात्रि जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंदिर में हुए आयोजन में स्थानीय भक्तों, युवाओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया, और कार्यक्रम में श्रमदान करते हुए भोजन प्रसादी वितरण की व्यवस्था संभाली। इसके अलावा विशेष सहयोगियों में राजेश कड़ा, अनूप नायक, मनीष द्विवेदी, अतुल पटसारिया, पवन आहूजा, यश, विजय श्रोतीय सहित दर्जनों लोगों का विशेष सहयोग रहा

# झांसी हाइवे पर सड़क हादसा, गाय की मौत, बाइक सवार युवक गंभीर





**दिगौड़ा, देशबन्धु।** टीकमगढ़ झांसी हाइवे पर दिगौड़ा कस्बा में पुलिस थाने के पास बीती शनिवार की रात करीब 8 बजे एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस घटना में गाय की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन निजी वाहन से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृत गाय को सड़क किनारे करवाया और क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस थाने में ले जाया गया। घायल युवक दिगौड़ा का निवासी बताया गया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

डायल 112 पुलिस के आरक्षक जगभान रजक व पायलेट जितेंद्र अहिरवार ने बताया है कि शनिवार की रात करीब 8 बजे दिगौड़ा कस्बा में पुलिस थाने से कुछ दूरी पर एक बाइक सड़क क्रॉस कर रही गाय से टकरा गई।

इस घटना में गाय की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार युवक सौरभ अहिरवार पिता ओमप्रकाश अहिरवार निवासी बस स्टैंड मुहल्ला दिगौड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर सवार दूसरा युवक बाल बिहारी अहिरवार सुरक्षित बताया गया। घायल युवक सौरभ को उसके परिजन निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। मृत गाय को सड़क किनारे करवाया और क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस थाने में ले जाया गया।

# समाधान योजना: उपभोक्ताओं के लिए भारी छूट, बड़े बकायादारों को सख्त चेतावनी

**मोहनगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की गई समाधान योजना 2025ङ्क26 के तहत उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत दी जा रही है। योजना के अंतर्गत विलंबित बिजली बिलों के भुगतान पर अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है, जिसमें 60त्न से 100त्न तक सरचार्ज माफी का लाभ शामिल है।

कंपनी अधिकारियों का कहना है कि योजना का उद्देश्य बकाया बिलों का निपटान सरल बनाना और उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक राहत प्रदान करना है। योजना का पहला चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक जारी रहेगा इस अवधि में उपभोक्ताओं को 60त्न से 100त्न तक सरचार्ज माफी मिलेगी। वहीं दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा जिसमें सभी उपभोक्ताओं की 50त्न से 90त्न तक सरचार्ज माफी प्रदान की जाएगी। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान, दोनों में से किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं।

ऊर्जा विभाग ने बताया कि सबसे अधिक राहत 1 लाख से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को मिल रही है। उदाहरण के तौर पर ?1,25,000 के बिल पर लगभग ?80,000ङ्क85,000 तक की सरचार्ज माफी उपलब्ध है, और उपभोक्ता अपना बिल केवल ?40,000ङ्क50,000 में निपटा पा रहे हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन बड़े बकायादारों ने समाधान योजना का लाभ मिलने के बावजूद अब तक अपना बिल जमा नहीं किया है, उनके नाम पर पिछले 3ङ्क4 वर्ष से आर.सी. नोटिस और कुर्की की आम सूचना पहले से ही जारी है। ष्ठ.क्र. एक्ट के तहत इन उपभोक्ताओं पर कुर्की की कार्रवाई निश्चित है।

# दिगौड़ा में संघ का पथ संचलन, बड़ी संख्या में शामिल हुए स्वयंसेवक




**दिगौड़ा, देशबन्धु।** शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देशभर में पथ संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत दिगौड़ा कस्बा में आज शनिवार की दोपहर 2 बजे से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिगौड़ा द्वारा आयोजित किया गया। कस्बा के प्रमुख स्थानों से होकर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बा की सड़कों पर संघ के कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए निकले। इस आयोजन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता शामिल हुए। पथ संचलन के पश्चात किला परिसर में शारीरिक प्रकट कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें संघ के कार्यकर्ता सहित कई ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज दिगौड़ा कस्बा के किले के मैदान से पथ संचलन का शुभारंभ हुआ। यह पथ संचलन मुख्य बाजार, बस स्टैंड, बिजरावन तिगैला, अंबेडकर मुहल्ला, कारसदेव मुहल्ला, जैन मंदिर व गायत्री मंदिर मुहल्ले से होते हुए किले के मैदान तक आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान कस्बा में सकल हिंदू समाज द्वारा पुष्प वर्षा की गई, मातृ शक्तियों द्वारा कलश रखकर और अपने अपने मकानों के सामने सुंदर सुंदर रंगोलियां सजाकर स्वंयसेवकों का जोरदार स्वागत किया गया। पथ संचलन के पश्चात किले में शारीरिक प्रकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के इस कार्यक्रम की पिछले एक सप्ताह से तैयारियां की जा रही थीं, जिसके चलते आज इतनी बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के सहजिला संघचालक अखिलेश, मोहनगढ़ खंड के खंड संघचालक हरिशंकर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुदर्शन जैन एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप पधारे विभाग से रवि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला गया एवं संघ के रीति नीति से स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया तथा पंच परिवर्तन जो हमारे समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, उस पर सभी स्वयंसेवकों ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

# आज लीजा टॉकीज मैदान पर होगा अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन

▶ विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर हास्य कवि लाफ़्टर चैंपियन आएँगे



**सीहोर, देशबन्धु।** आज रात लीजा टॉकीज मैदान पर विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर हर वर्ष की भाँति अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओं नागरिकों के द्वारा भी विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कवि सम्मेलन के संयोजक राजकुमार जायसवाल रिंकू ने बताया कि इस वर्ष विशुद्ध हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के दिग्गज हास्य कवि तथा लाफ़्टर शो चैंपियन श्रोताओं को गुदगुदाने सीहोर आ रहे हैं। यह आयोजन प्रतिवर्षानुसार स्थानीय लीज़ा टॉकीज़ के मैदान पर रात नौ बजे प्रारंभ होगा।

शहर में कवि सम्मेलन की बरसों पुरानी परंपरा रही है, सीहोर का नाम कवि सम्मेलन नगरी के रूप में ख्यात रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर पिछले पच्चीस वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन लीज़ा टॉकीज़ मैदान पर आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष यह आयोजन पूरी तरह से हँसी, ठहाकों तथा गीत–ग़ज़लों को समर्पित रहेगा। इस वर्ष आने वाले कवियों में %द लाफ़्टर शो% तथा %द कपिल शर्मा शो% में भाग ले चुके मशहूर कवि भी शामिल हैं।

लीजा टॉकीज मैदान पर बनने वाले भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट, लाफ्टर चैम्पियन के सरपंच, द कपिल शर्मा शो फेम नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि सब रस–संचालक देवास अज़हर इक़बाल मशहूर शायर, फिल्म गीतकार, द कपिल शर्मा शो फेम, मेरठ उप्र अनिल चौबे हास्य व्यंग्य वाराणसी, सुश्री आयुषी राखेचा गीत, ग़ज़ल, हास्य जोधपुर, पार्थ नवीन हास्य पैरोडीकार प्रतापगढ़, स्वयं श्रीवास्तव गीतकार उन्नाव उप्र, तथा मुन्ना बैटरी लाफ्टर चैम्पियन फेम मंदसौर नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। हास्य कवि सम्मेलन के सूत्रधार साहित्यकार पंकज सुबीर रहेंगे।

### विरसा मुड़ा जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन

**आष्टा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में आयोजन किया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्रीमती पारुल उपाध्याय ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया जन अभियान परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत कराया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की छात्रा पूजा जयसवाल द्वारा जिला समन्वयक का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहना कर एवं वही नवांकुर प्रभारी सुरेश पंचाल ने विकासखंड समन्वयक का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पारुल उपाध्याय ने कहा कि भगवान विरसा मुड़ा ने अपने धर्म एवं राष्ट्र के लिए अपने सब कुछ समर्पित कर उपलब्ध संसाधन एवं सीमित संसाधनों में अंग्रेजों का सामना कर जेल में भी गए और राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को आहुत कर दिया।

# संस्कार ग्रीन वैली स्कूल ने वार्षिक महोत्सव में दिखाई 'अनमोल रिश्तों' की झलक



**सिरोंज, देशबन्धु।** संस्कार ग्रीन वैली स्कूल, सिरोंज में वार्षिक महोत्सव 2025 का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का शीर्षक 'अनमोल रिश्ते' रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि उमेश सोनी (ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, सिरोंज), अतिविशेष अतिथि के.के. उपाध्याय, विशेष अतिथि तहसीलदार सिरोंज, असलम शेर खान (पूर्व मंत्री एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) और संभाजीत यादव (रिटायर्ड कमिशनर) शामिल थे।

विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, नाटक और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के दादा–दादी और नाना–नानी (ग्रैंड पेरेंट्स) को फैमिली फोटो फ्रेम देकर सम्मानित भी किया गया। अभिभावकों और ग्रैंड पेरेंट्स ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# विदिशा से उठी चिंगारी, डीजे के शोर पर देश के सभी राज्य तलब

**विदिशा, देशबन्धु।** जानलेवा बनता डीजे के शोर को अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन मानते हुए देश के सभी राज्यों के मु य सचिव एंव केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को नोटिस जारी किए हैं।

डीजे के शोर से बच्चों, बुर्जुगों, बीमारों एंव गर्भवती महिलाओं महिलाओं पर पढ़ने वाले कुप्रभावों एंव केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तय मानकों का अनुपालन न होने, मोडिफाई डीजे वाहनों पर चमकती लाइटों से होने वाली सडक दुर्घटनाओं को रोकने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय सदस्य विनोद के शाह द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर कर कार्यवाही की मांग की थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 12 के अन्तर्गत आम नागरिकों को प्राप्त जीवन के अधिकार का हनन मानते हुए देश के सभी राज्यों के मु य सचिवों एंव केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासकों को सूचना पत्र देकर राज्यों से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत ध्वनि प्रदूषण नियम–2000 के अनुपालन में प्रशासनिक निष्क्रियता,मोटर वाहन अधिनियम की धारा–52 एंव 190 का उल्लघंन, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एंव संविधान के अनुच्छेद–21 जीवन के मौलिक अधिकार की अनुपालना पर शासन–प्रशासन की कार्यवाही रिपोर्ट को पंद्रहा दिवस में आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया है। आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि स्वच्छ, स्वस्थ एंव शांतिपूर्ण पर्यावरण अधिकार भारतीय संविधान में जीवन के अधिकार के रुप में शामिल हैं। अत्याधिक शोर को नियंत्रित न कर पाना भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लघंन है।

याचिकाकर्ता विनोद के शाह का कहना है कि अत्यधिक शोर, डीजे वाहनों की चमकदार लाइट अराजकता एंव मौत का कारण बन रही है। डीजे के शोर से ह्रदय घात, गर्भपात एंव कानों से बहेरापन के प्रकरण तेजी से सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं कर पा रहा है।

### अतिथि शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक उमाकांत शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, देशबन्धु।** अतिथि शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा अतिथि शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर एक ज्ञापन स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा को सौंपा गया। यह ज्ञापन महामाई मंदिर परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान सौंपा गया, जिसमें बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथि शिक्षकों ने शिक्षा विभाग में अपनी लंबी सेवाओं और वर्तमान समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 18 वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने के बावजूद उन्हें स्थाईकरण, नियमितीकरण और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। ज्ञापन में अतिथि शिक्षकों ने मांग की कि उनके पदों को स्थाई किया जाए, 12 माह का सेवाकाल सुनिश्चित हो, तथा विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमित नियुक्ति दी जाए।

# श्रमदान दल ने बेतवा नदी पर चलाया सफाई अभियान, कई ट्राली कचरा निकाला



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** रविवार को श्रमदान अभियान के अंतर्गत छठे चरण का स्वच्छता कार्यक्रम बेतवा नदी के रिपटा घाट पर संपन्न किया। इस चरण में विशेष बात यह रही कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 25 सदस्य के प्रभारी दिनेश ओझा के नेतृत्व में श्रमदान दल के साथ सहयोग करने पहुँचे।

श्रमदान दल और रासेयो के सदस्यों ने मिलकर घाट के प्रवाह क्षेत्र और किनारों से लगभग दो ट्रॉली कचरे से अधिक एकत्रित किया। इसमें पूजन–हवन सामग्री, अंत्येष्टि के बाद छोड़ी गई वस्तुएँ, मुंडन संस्कार के बाल, अंधविश्वासवश छोड़े गए कपड़े, प्लास्टिक–पॉलिथीन, तेल–शैंपू पाउच, शराब की बोतलें, टूटी चप्पलें, और दवाइयों के अवशेष शामिल थे। दल के सदस्यों ने दृढ़ संदेश दिया कि माँ वेत्रवती विदिशा जिले और गंजबासौदा नगर की जल आपूर्ति सदियों से करती रही है, और इसका लाभ तभी मिलेगा जब हम उसकी सेवा और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होंगे। सच्ची श्रद्धा और रूढ़िवादिता पर संवादश्रमदान दल ने जनता से आग्रह किया कि श्रद्धा के नाम पर प्रदूषण न करें, बल्कि अपने कर्मों से नदियों को स्वच्छ बनाकर सच्ची श्रद्धा का परिचय दें, क्योंकि धार्मिक अनुष्ठान जब प्रदूषण में बदलते हैं, तो उनका अर्थ विकृत हो जाता है। इस दौरान दिनेश ओझा ने छात्रों को रूढ़िवादी प्रथाओं और अंधविश्वास के कारण प्राकृतिक संसाधनों को होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया।

देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का बाल दिवस कार्निवल

# बच्चों की प्रतिभा और विज्ञान का अनोखा संगम



**आष्टा, देशबन्धु।** देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, में बाल दिवस कार्निवल के उपलक्ष्य में आयोजित एहोय 3.0 इस वर्ष अपने व्यापक विषय 'विशिष्ट खोजों के युग प्राचीन ज्ञान से तारों तक की तकनीक' के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय परिसर को 'जंगल से अंतरिक्ष' थीम के अनुरूप अत्यंत सृजनात्मक रूप से सजाया गया, जिसने बच्चों की कल्पनाशक्ति, विज्ञान–प्रेरणा और कलात्मकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल श्रीमती अलका पाठक जो अनुग्रह, बुद्धि और कलात्मकता के संयोजन के लिए विख्यात हैं, विशिष्ट अतिथि मानस चौहान नृत्य के प्रवीण पारखी, तथा ग्रेसेस रिसॉर्ट के मुख्य शेफ इंद्रदेव पाल सर की उपस्थिति ने कार्यक्रम में गरिमा एवं ऊष्मा का वातावरण स्थापित किया।

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता, पर्यावरण जागरूकता, उद्यमिता, संतुलित दृष्टिकोण की भावना का संचार करते हैं। प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करते हैं तथा उन्हें भारतीय परंपरा और आधुनिक विज्ञान के सार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर लगाए गए थीम आधारित स्टॉल्स विशेष रूप से आकर्षक रहे। विद्यार्थियों ने 'जंगल' और 'अंतरिक्ष' विषयक मॉडलों, ग्रहों और नक्षत्रों के विवरण, रॉकेटों एवं अंतरिक्ष यानों की संरचना, तथा वन्य जीवन की पारिस्थितिकी को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। स्टॉलों की सजावट बच्चों की समझ, ज्ञान और कलात्मक कुशलता का सजीव प्रमाण बनी। रैंप वॉक में विद्यार्थियों तथा उनके माता–पिता और अभिभवकों ने जंगल के जीव–जंतुओं, अंतरिक्ष यात्रियों, तारों, ग्रहों और प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के रूप में सशक्त प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत, कविता–पाठ और नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों में उत्साह एवं आनंद का संचार किया। 'कपल डांस प्रतियोगिता', 'डिस्को ज़ोन' और क्रिएटिव कॉर्नर की गतिविधियाँ भी विशेष रूप से सराही गईं।

इस वर्ष विद्यालय द्वारा भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा तथा ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला के प्रति विशेष कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया गया, जिन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति प्रेरणादायी भूमिका के लिए सराहा गया। विद्यार्थियों ने उनके अंतरिक्ष योगदान आधारित मॉडल्स और प्रदर्शनों के माध्यम से भारत का अंतरिक्ष भविष्य विषय को अत्यंत प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिसर जंगल से बृहस्पति तक थीम की रोशनी से आलोकित हो उठा। समारोह के अंत में विद्यालय के निदेशक धुव कुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, श्रीमती पायल अली, सैय्यद आदिल अली तथा समस्त विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# नरेन्द्र मेवाड़ा का डिप्टी कलेक्टर बनने पर बीआरसीसी ने किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** डिप्टी कलेक्टर बने नरेंद्र सिंह मेवाडा का स्वागत बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के की प्रतिष्ठित परीक्षा में ग्राम दलपतपुर निवासी हाल मुकाम बजरंग कॉलोनी निवासी मनोहर सिंह राजपूत के सुपुत्र नरेंद्र सिंह मेवाडा ने 14वां स्थान प्राप्त कर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है नरेंद्र सिंह ने लगातार लोक सेवा आयोग की पांच परीक्षा वर्ष 2019 से 2023 तक उत्तीर्ण की उन्हें प्रथम प्रयास एवं दूसरे प्रयास में साक्षात्कार पहुंचने के बाद भी फाइनल पद प्राप्त नहीं हुआ था।

वर्ष 2021 की आयोग की परीक्षा में आप जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर चयनित होकर वर्तमान में शुजालपुर जनपद पंचायत में अपनी सेवा दे रहे थे किंतु अपनी में कड़ी मेहनत के बाद अपने 2023 में की लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 14वां स्थान प्राप्त का डिप्टी कलेक्टर बने इस अवसर पर उनके निवास पर अजब सिंह राजपूत बीआरसीसी, शैलेंद्र राजपूत, मेहरबान सिंह मेवाड़ा सरपंच मूंदी खेड़ी जीवन सिंह, राम सिंह राजपूत, आदि समाज जनों ने साफा बांधकर स्वागत किया गया।

## सार समाचार

### पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में किया श्रमदान

**दमोह देशबन्धु।** टीम उम्मीद एक पहल दमोह के लिए के द्वारा पीडब्ल्यूडी कॉलोनी सिविल वार्ड नंबर 4 में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल के नेतृत्व में टीम उम्मीद के साथी राकेश राठौड़ महेंद्र सिंह लोधी जितेंद्र अहरवाल के साथ जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, सतीश जैन, एसडीओ एस पटेल, रामु तिवारी, हरिनारायण साहू सहित नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारीगण और स्थानीय लोगो ने इस अभियान में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाई। पहले यह मैदान कूड़ा कचरा और गंदगी से भरा हुआ था जिसे साफऔर स्वच्छ बनाया गया है भविष्य में इसको पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे यहां बच्चे भी खेल सकें और बड़े, बुजुर्गों को सुबह शाम टहलने के लिए एक अच्छा स्थान मिल सके।

### कुंवरपुर में अटल ग्राम सुशासन भवन निर्माण कार्य हुआ लोकार्पण

**अजयगढ़, देशबन्धु।** अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी के कर कमल से हुआ लोकार्पण। अटल ग्राम सुशासन भवन ( नवीन पंचायत भवन ) निर्माण कार्य विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ एवं मद पंचायत राज संचनालय अतिरिक्त स्टांप शुल्क एवं पंचायत भवन की स्वीकृत राशि 37.49 लाख रुपए है। और साथ ही विधायक ने उद्बोधन में कहा है कि मैं विकास करने वाला व्यक्ति हूं और जो जहां से मांगे आती है मैं पूरा करने का प्रयास करता हूं मेरे द्वारा क्षेत्र में बड़े-बड़े पुल, सड़क ,बिजली, पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही विधायक ने बताया है कि मैंने जो 7 साल में जो विकास किए हैं उतने कम आपकी विधानसभा में पिछले 50 वर्ष से नहीं हुए हैं। एवं विधायक ने मंच से लगभग 200 किसानों को वितरित किया नि ःशुल्क बीज एवं कृषि विभाग के द्वारा यह बीज उपलब्ध कराया गया था। उक्त कार्यक्रम में अजयगढ़ मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव, महामंत्री बाबू सिंह , बृजेंद्र खटीक,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, नगर परिषद अध्यक्ष, गुमानगंज सरपंच मुकेश पांडे, संजय सुल्लेरे, कुलदीप मिश्रा, देवेंद्र यादव, अनंतराम यादव, सरपंच नत्थू यादव, सरपंच हेतराम यादव, सरपंच जमुना यादव, सरपंच राजाराम मिश्रा, राम भुवन मिश्रा, सरपंच श्रीमती राधा यादव, सचिव राजेश कुमार गुप्ता एवं प्रशासनिक अधिकारियों में अजयगढ़ जनपद सीईओ सतीश सिंह नागवंशी, एपीओ अमित यादव, एसडीओ नायक,अजयगढ़ तहसीलदार सुरेंद्र कुमार अहिरवार, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अरुण पाल बागरी जनता जनार्दन उपस्थित रही।

### बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**अमानगंज, देशबन्धु।** गुन्नौर विधानसभा की अमानगंज तहसील मुख्यालय में आज नगर के पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ममता मिश्रा जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें चार प्रशिक्षु प्राचार्य एसके द्विवेदी, हरिराम माली, प्राचार्य देवेश कुमार, शिक्षक संजय शर्मा द्वारा तकरीबन 140 कर्मचारियों को बीएलओ एप पर फीडिंग से जुड़ी सारी जानकारी दी गई। यह शिविर तकरीबन 2 घंटे विद्यालय के दो क्लासों में चला और दोनों ही स्थान पर स्थानीय निर्वाचन अधिकारी ने भी अपना उद्बोधन दिया और पूरी सावधानी के साथ यह कार्य करने की अपील की शिविर में पटवारी, शिक्षक पंचायत सचिव आदि आदि कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

### मैराथन दौड़ को सांसद लोधी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया

**दमोह देशबन्धु।** सांसद खेल महोत्सव मैराथन दौड़ का शुभारंभ दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने हरी झंडी दिखाकर कीर्ति स्तंभ चौराहा से वंदे मातरम गायन के साथ रवाना किया। यह सांसद मैराथन दौड़ कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, घण्टाघर होते हुए वापिस कीर्ति स्तंभ पर समापन हुई। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर सभी सांसदों के माध्यम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में दमोह में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, इसके बाद 08 विकासखंडों में कबड्डी और वॉलीबॉल के खेल प्रारंभ होंगे। रहली विधानसभा क्षेत्र में कबड्डी खेल प्रारंभ हो गया है, अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी खेल प्रारंभ होंगे, 01 से लेकर 20 दिसंबर 25 तक करीब 12 खेल जिसमें एथलीट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, कुश्ती, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, हॉकी, हैंडबॉल, बास्केटबॉल शामिल है, 25 दिसंबर को एक तारीख निश्चित होगी और संपूर्ण भारत में एक साथ सांसद खेल महोत्सव का समापन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लाइव आकर इसका समापन करेंगे। उन्होंने कहा उद्देश्य केवल यही है, इंडिया खेल, फिट रहे । जिस प्रकार से हमारे बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गोंड ने संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया, इस प्रकार से हमारे दमोह लोकसभा के क्षेत्र के बच्चे भी खेल के क्षेत्र में अग्रसर हो और विश्वपटल पर दमोह का नाम रोशन करें।



भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संपूर्ण देश में किया जा रहा है, उसके प्रथम चरण का आयोजन दमोह लोकसभा क्षेत्र से सांसद राहुल सिंह द्वारा आयोजित किया गया। आज जो सफलतापूर्वक आयोजन हुआ है उसके लिए सहयोग करने वाली सभी संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यूनिटी का संदेश देने के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा सहयोग दिया जा रहा है, जिसमें जिसमें पुलिस प्रशासन, नगरीय प्रशासन, खेलकूद विभाग, नेहरू युवा केंद्र शामिल है।

इस दौरान सांसद दमोह लोधी ने दौड़ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। सांसद खेल महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त मोहिनी ठाकुर को 5100 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त वैशाली को 3100 रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करिश्मा को 2100 रुपए समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, प्रथम स्थान प्राप्त अंकित परिहार को 11000, द्वितीय स्थान प्राप्त लक्ष्मण रजक को 7100 रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त विकास कुर्मी को भी सांसद खेल महोत्सव समिति द्वारा पुरस्कार की राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, लोकेंद्र पटेल लकी भैया, नितेंद्र सिंह लोधी, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अरूण तिवारी, रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, संजय सेन, अमित बजाज, संजय यादव, मनीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह परिहार, भरत यादव, सुरेश पटेल, देवकीनंदन पटेल, दिलीप चौरसिया, प्रिंस जैन, यशपाल ठाकुर, राजेंद्र चौरसिया, कमलेश चौदह, अरूण सोनी, संतोष रोहित, महेंद्र राठौर, शैलेष पटेल, कुलदीप पटेल, अंकित ठाकुर, शिवेंद्र तिवारी, सत्यम चौबे, आलोक चौबे, गौरव चौरहा, राजुल चौरहा, महेंद्र लोधी तथा कृष्णा पटेरिया म्युजिकल ग्रुप द्वारा वंदे मातरम गाया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन गोपाल पटेल द्वारा व्यक्त किया गया।

### गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन समय पर पूर्ण करने के संबंध में निर्देश

**पन्ना, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रति दिवस गणना प्रपत्र मतदाता से भरवाकर बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के जरिए डिजिटाईज करने की समीक्षा की जा रही है। 16 नवम्बर की स्थिति में 174 बीएलओ द्वारा एक भी फॉर्म डिजिटाईज्ड नहीं किए गए, जबकि 401 बीएलओ की प्रगति एक प्रतिशत से भी कम थी।

इस संबंध में कहा गया है कि बीएलओ एवं ग्राम स्तरीय दल द्वारा सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मतदाताओं से संपर्क करने पर प्रायः पाया जाता है कि मतदाता इस समय अपने कार्य के लिए बाहर चले जाते हैं, इसलिए गणना फॉर्म एकत्रित करने का कार्य दिन के साथ प्रातः एवं सायंकाल करने पर अधिकाधिक प्रपत्र एकत्रित हो सकते हैं। बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं ग्राम स्तरीय दल द्वारा रात्रि 10 बजे तक मतदाताओं से संपर्क करने पर गणना फॉर्म एकत्रीकरण और डिजिटाईजेशन का कार्य आगामी दो-तीन दिवस में पूर्ण किया जा सकता है।

### संकल्प सस्था ने मनाया बाल दिवस



**दमोह देशबन्धु।** ऐक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जिला मे कार्यरत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह ने तेन्दूखेडा़ ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल तेजगढ़ मे राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर शाला के अनेक बच्चो ने बाल दिवस एवं अपने अधिकारों पर अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्था ने बच्चो को पुरुस्कृत भी किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, सचिव संदेश बंसल एवं प्राचार्य अनरथ सिंह पुलिस विभाग से पटैल साहब बतौर अतिथि मौजूद रहे। यहाँ बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत किया गया। वहीं परियोजना समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने बताया की संस्था व्दारा जिले मे 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 तक सतत यह आयोजन चलाया जायेगा। स्थानीय स्कूलों के बच्चो के बीच यह आयोजन करने करने का मूल उदेश्य यही है कि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और बाल हितैषी दमोह जिले का निर्माण हो। उपस्थित अतिथियो ने भी बच्चो से संवाद किया। आयोजन मे शाला परिवार के शिक्षकों, बच्चों के अलावा प्रतिभा सिंह लोधी, रितु विश्वकर्मा, दर्शन नामदेव सहित अनेक गणमान्य लोगो की उपस्थिति रही।

### झलकारी बाई जयंती आयोजन संबंधी बैठक संपन्न

**अमानगंज, देशबन्धु।** अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी रानी वीरांगना झलकारी बाई कोरी जयंती समारोह के संबंध में समस्त कोरी (कबीरपंथी) समाज महेबा सद्गुरु कबीर मंदिर महेबा तहसील अमानगंज जिला पन्ना की बैठक संपन्न हुई। विदित हो कि आगामी 22 नम्वर को वीरांगना झलकारी बाई कोरी की रैली सुबह 9 बजे से गाजे बाजे के साथ शुरू दोपहर 12 बजे तक गांव में निकाली जाएगी इसके बाद अखण्ड धुन की दोपहर 12 बजे से बैठकी की जाएगी और 23/11/2023 को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आओजन समिति ने सभी स्वाजातीय समाजसेवियों, देश प्रेमियों एवं धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में वीरांगना झलकारी बाई जी की रैली में सम्मिलित हो कर अपना अमूल्य योगदान प्रदान करने की अपील की है।

### भाजपा नेता के भाई और थाना प्रभारी के बीच विवाद

## भाजपा नेता ने किया थाने का घेराव ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को थाना प्रभारी के पक्ष में दिया ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत थाना धर्मपुर का घेराव बीती रात्रि भाजपा नेता सदानंद गौतम के भाई रामबाबू गौतम के नेतृत्व में किया गया इस संबंध में भाजपा नेता के भाई रामबाबू गौतम ने जिला मुख्यालय में बाकायदा एक होटल में प्रेस वार्ता भी की गई तथा उन्होंने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी धरमपुर अनिल राजपूत ने हमारे साथ अभद्रता एवं गाली गलौज की गई है ।जबकि हमारी कोई गलती एवं शिकायत नहीं है उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी अनिल राजपूत के पक्ष में सैकड़ो ग्रामीणों द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भाजपा नेता के भाई रामबाबू गौतम के द्वारा लगातार क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन किया जाता है तथा ग्राम इमल्हा गांव के बीच से ट्रैक्टर ट्रालियां निकाली जाती हैं जिससे असुरक्षा का वातावरण बन गया है एवं कभी भी दुर्घटना हो सकती है इस संबंध में हमारे द्वारा थाना प्रभारी को आवेदन 13 नवंबर को दिया गया था इसके संबंध में थाना प्रभारी द्वारा रामबाबू गौतम को समझाइश दी गई थी उसके जवाब में रामबाबू गौतम द्वारा अनावश्यक रूप से दबाव बनाने के लिए सैकड़ो ग्रामीणों के साथ थाने का घेराव किया गया उक्त मामले की जांच की जाए तथा रामबाबू गौतम पर कार्यवाही की जाए





इनका कहना है हमारा कोई भी ट्रैक्टर ट्राली नहीं चलता है ना ही रेत का अवैध उत्खनन करते हैं थाना प्रभारी द्वारा जातिवाद का माहौल बनाया जा रहा है तथा दलालों के माध्यम से अवैध वसूली की जाती है रामबाबू गौतम भाजपा नेता मेरे द्वारा किसी प्रकार की कोई अभद्रता नहीं की गई रामबाबू गौतम द्वारा अवैध ट्रैक्टर ट्रालियां चलाई जाती हैं जिसकी शिकायत ग्राम वासियों द्वारा दी गई थी गांव के बीच से निकालने के कारण दुर्घटना घट सकती है इसलिए उन्हें समझाया गया था। इसी के चलते उन्होंने प्रदर्शन किया तथा अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है अनिल राजपूत थाना प्रभारी धरमपुर।

### माडल स्कूल हटा के छात्र अनिल का क्रिकेट में हुआ चयन



**दमोह/हटा देशबंधु।** शास माडल स्कूल हटा के अध्ययनरत छात्र अनिल अहिरवाल का अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ। यह चयन प्रतियोगिता जो 16 से 18 नवम्बर तक दतिया में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में आलराउंड की भूमिका में शामिल हुए, विद्यालय में पदस्थ खेल शिक्षक दिनेश वर्मन के कुशल नेतृत्व में प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया रहे, यही प्रशिक्षण का नतीजा है की लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से विभिन्न खेलों में छात्राओं द्वारा शतरंज, कबड्डी, दौड़, सहित विभिन्न खेलों में जिला एवं संभाग स्तर पर सहभागिता की है। विद्यालय के प्राचार्य बी.एस. राजपूत , शिक्षक कमलेश जैन, संतोष उपाध्याय , राजेन्द्र विश्वकर्मा, सौम्य प्यासी, श्रीकांत उपाध्यक्ष एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### बाल दिवस पर मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** शहर के असाटी वार्ड नंबर 1 संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें असाटी समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया, पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई। जिसमें बच्चों ने अपने नए-नए आकर्षक स्वरूप से सभी का मन मोह लिया, छोटे-छोटे बच्चों कि आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति और शानदार गेट अप देखकर पूरा संस्कार भवन तालियों से गूंज उठा।



इसके पश्चात बच्चों के लिए रोमांच से भरपूर सरप्राइज गेम (रिंग गेम) आयोजित हुआ, बच्चों ने उत्साह और हंसी-खुशी के साथ इस गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का अगला आकर्षण म्यूजिकल पिलो गेम रहा, जिसमें बच्चों ने संगीत की धुन पर खेल का भरपूर आनंद उठाया। यह खेल बच्चों में जोश और हंसी का सुंदर माहौल लेकर आया,इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी गेम का आयोजन किया गया। और बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता और तत्परता का शानदार प्रदर्शन किया, बच्चों ने बड़े ही आत्मविश्वास से उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया। सभी प्रतियोगिताओं के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया, बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह था। इसी सुंदर क्षण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया, इस दौरान आयोजन में असाटी समाज के सभी बहनों मार्गदर्शक मंडल एवं संरक्षक मंडल की बहनों की गरिमामय उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

### वोट चोरी कर सरकार बनाना निंदनीय : पटेल

**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब आर पार की लड़ाई का वक्त आ गया है। भाजपा जितनी फूहड़ता जितनी बेईमानी हो सकती है वह सब करने पर उतारू हो गई है जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बिहार राज्य का चुनाव भाजपा की जितनी की राज्य सरकारे है उनके द्वारा बिहार में ही रहकर रूपये पैसो के दम पर लुटा गया वह निंदनीय है। जिला प्रभारी रक्षपाल सिंह, लाखन सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा कुर्सी का जितना दुरूपयोग कर सकती है जमकर कर रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, लोकसभा एवं विभानसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप खटीक, तिलक सींग, राव बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा कुछ भी करले हम अडिग है कांग्रेस के प्रति समर्पित है और जो एसआईआर वर्तमान में चल रहा है वह सरकारी बीएलओ के साथ नाम जुड़वाने कटवाने में लगे हुए है। इस अवसर पर तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, लालचंद राय, अमर सींग, रजनी ठाकुर, आशीष पटैल, घनश्याम यादव, परम यादव, लक्ष्मण सींग, प्रशांत पाठक, सुषमा विक्रम ठाकुर, दृगपाल सिंह लोधी, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, बसंत कुशवाहा, उवेद गौरी, अभिषेक यादव, अजय जाटव, रत्नेश सोनी समेत अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।



### केन्द्रीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन

**पन्ना, देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद चौरसिया एवं डॉ. प्रदीप द्विवेदी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान एवं तकनीक के विभिन्न विषयों पर अपने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर मॉडल तैयार किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित ऑटोमेटिक अटेंडेंस सिस्टम, लाइफ सेविंग स्टिक, एक्यूआई, टेम्परेचर एवं मॉनिटरिंग सिस्टम, ब्लाइंड स्पॉट अवॉइडिंग सिस्टम, स्मार्ट सिटी, एयर प्यूरिफायर, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम तथा किसानों की मदद करने वाला ड्रोन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे इसके अलावा बच्चों ने डीएनए सैंपलिंग का भी प्रदर्शन किया। कक्षा एक व दो के छात्रों का वैज्ञानिक वेशभूषा धारण करना भी बच्चों में आकर्षक का केंद्र रहा। बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की विस्तृत जानकारी मुख्य अतिथि, शिक्षकों तथा अभिभावकों को दी। आगंतुकों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में खोज, प्रयोग और अनुसंधान की भावना मजबूत होती है। विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना भी की गई। इस दौरान शोध और पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वैज्ञानिक बनने के लिए अच्छी पढ़ाई, जिज्ञासा और निरंतर शोध की आदत आवश्यक है।



कार्यक्रम में प्राचार्य अमित दाहिया सहित शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक विद्याचरण चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान तथा गणित शिक्षकों नीरज चौरसिया, सीता गौतम, क्षितिज चौधरी, जॉनी अत्री, मनीष गुप्ता, हृदयेश शुक्ला, नेहा लखेरा, शेफाली गुप्ता तथा अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

## जल, जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार : श्रीकांत

***दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।*** *जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के तत्वाधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती का कार्यक्रम तेजगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमे आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि अन्य वर्गों के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्राम तारादेही से विशाल वाहन रैली तेंदूखेड़ा होते हुए कार्यक्रम स्थल तेजगढ़ पहुंची कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।*

*तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को उनके संघर्ष से अवगत कराया गया। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज नहीं बल्कि हर एक जाति वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उलगुलान का नेतृत्व किया और आदिवासी संस्कृति एवं भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन सदैव संघर्षों से भरा रहा है उन्होंने कभी हार नहीं मानी और आदिवासियों के उत्थान और हक अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार है हम सभी अपने हक अधिकार प्राप्त करने के लिए संवैधानिक रूप से अपनी लड़ाई लड़नी होगी बिरसा मुंडा के विचारों का अनुसरण करते हुए आदिवासियों को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए इस अवसर पर गिरधारी परस्ते , दान सींग, मर्दन सिंह, डेलन धुर्वे, रविन्द्र पन्द्राम, राहुल पोर्ते, वीरेन्द्र सिंह, प्रकाश, नरेंद्र ठाकुर, नीलेश यादव, श्यामलाल, मोहन ठाकुर, तेजी धुर्वे, घनश्याम, ववलू, प्रदीप, गोलू पोर्ते, वसंत सोयाम, गनेश धुर्वे, दिनेश, राहुल, संदीप सिंह, गोपाल सिंह, सुरेन्द्र पोर्ते, रामनरेश, लवकुश, धनसीग, आशिक, मोनू मरावी, रवि पोर्ते, प्रताप तेकाम, प्रभू पटेल, कुंजबिहारी विश्वकर्मा, मान सींग यादव, नोने लाल, रमेश, हाकम, नंदलाल ठाकुर सहित भारी संख्या में आदिवासी समाज एवं जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।*



# देवरी नपाध्यक्ष नेहा जैन, पति अलकेश भाजपा से निष्कासित

## विस चुनाव में प्रत्याशी का विरोध और पीआईसी में कांग्रेस पार्षद को शामिल करने का आरोप

**सागर, देशबन्धु।** देवरी नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा जैन और उनके पति अलकेश जैन को भाजपा ने 6 साल के लिये पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। रविवार को जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा ने निष्कासन आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव 2023 में आप और आपके पति द्वारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बृजबिहारी पटेरिया का खुला विरोध किया गया। जिसका जवाब सही नहीं दिया गया जो कि प्रमाणित करता है कि आरोप सत्य है और आपने जो प्रचार कांग्रेस का किया है उसका प्रमाण फोटो सहित संगठन के पास है। आपके द्वारा अपने निर्वाचन के बाद पीआईसी का गठन किया गया। जिसमें बार-बार कांग्रेस पार्षद त्रिवेंद्र जाट को लिया गया। भाजपा के 13 पार्षद होने के बाद भी कांग्रेस पार्षद को पीआईसी में शामिल किया जाना आपकी अनुशासनहीनता है। आपके जवाब में कहा गया कि पार्षद त्रिवेंद्र जाट ने 25



मार्च 2023 को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है जो कि तथ्यहीन है। क्योंकि त्रिवेंद्र जाट सभी भाजपा विरोधी कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय रहे हैं जो कि आज तक जारी है। जिसके प्रमाण स्वरूप इनके सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रमाणित है। इससे प्रतीत होता है कि आपने संगठन को गुमराह करने का प्रयास किया है और आपने झूठ बोला है कि त्रिवेंद्र जाट ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक हर्ष यादव के साथ पार्षद त्रिवेंद्र जाट धरना प्रदर्शन से लेकर भाजपा के विरोध में हर समय काम करते हैं जो कि सोशल मीडिया अकाउंट व समाचार पत्रों में दी गई फोटो समेत अन्य जानकारी से प्रमाण के रूप में संगठन के पास है। इसके साथ ही आदेश में लिखा कि प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े के स्वागत में प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय विधायक और जिला अध्यक्ष की फोटो फ्लेक्स में नहीं लगाई गई जो आपकी निरकुंश कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करती है। अत: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार देवरी नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा जैन और अलकेश जैन को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से 6 वर्ष के लिये पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

# निर्माण कार्य का भुगतान नहीं देने पर देवरी नपा अध्यक्ष पति पर मामला दर्ज

**देवरीकलां, देशबन्धु।** अतिशय क्षेत्र में कराये गये निर्माण कार्यों का भुगतान न करने के मामले में देवरी नपाध्यक्ष के पति अलकेश जैन पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्यवाही अंकित सैनी की शिकायत पर की गई है। पुलिस ने उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 296 एवं 351(2) के तहत केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अलीपुरा निवासी अंकित सैनी 35 वर्ष ने बताया कि वर्ष 2021 में अलकेश जैन ने उन्हें बीना बारह तीर्थ अतिशय क्षेत्र में गार्डन रेलिंग, दीवार डिजाइन, गेट सहित अन्य निर्माण कार्य कराये थे। इस कार्य का करीब 3 लाख 64 हजार रुपये अब भी बकाया था। जब उन्होंने भुगतान की मांग की तो अलकेश जैन ने कहा कि देवरी मुक्तिधाम में शिवजी की प्रतिमा और एक कमरा बनवा दो, उसके बाद पूरा हिसाब कर देंगे। अंकित के अनुसार उन्होंने 6-7 महीने पहले कौशल किशोर वार्ड स्थित मुक्तिधाम पर शिव प्रतिमा और लगभग 400 वर्ग फीट का कमरा तैयार किया जिसका लोकार्पण भी हो चुका है।

### 9 लाख से अधिक की राशि अटकी

अंकित ने बताया कि मूर्ति और कमरे के कार्य की 5 लाख 53 हजार रुपये तथा बीनाजी मंदिर पर किये गये कार्य की 3 लाख 64 हजार रुपये की मांग करने पर भी जैन लगातार टालमटोल करते रहे। अंकित ने पुलिस को बताया कि जब वे भुगतान लेने देवरी पहुंचे तो अलकेश जैन ने उन्हें तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधाम बुलाया। यहां पहुंचने पर जैन ने गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आवेदन की जांच के बाद नपाध्यक्ष पति अलकेश जैन पर मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

# डिप्टी कलेक्टर एवं न्यायाधीश पद पर चयनित युवाओं का स्वागत किया



**सागर, देशबन्धु।** स्थानीय मप्र एमपीएससी में चयनित समाज होनहार युवाओं का श्री सिद्धेश्वरीदेवी मंदिर में स्वागत एवं सम्मान किया गया। यशपाल सोनी का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है एवं देवांश सोनी का न्यायाधीश के पद पर चयन हुआ है। स्वर्णकार समाज में इन युवाओं की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उनका सभी समाज के लोगों ने उपस्थित होकर सम्मान किया एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उनके मार्गदर्शक एवं पिता भी उपस्थित थे।

# युवकों का उत्पात, घर पर फेंके पत्थर, स्कूटी तोड़ी, बचाव में छत से परिवार ने फेंके गमले

**सागर, देशबन्धु।** घुसयाना मोहल्ला में शनिवार शाम 6 से 7 युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने एक मकान पर पत्थर मारे और बाहर खड़ी स्कूटी में तोड़फोड़ की। इस दौरान बचाव में मकान की छत पर मौजूद लोगों ने भी उत्पात मचा रहे युवकों पर गमले फेंके, जिसके बाद वे मौके से भाग गये। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार ने मोतीनगर थाने में पुराने विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें 6 से 7 युवक नजर आ रहे हैं, जो



गली में मकान के सामने खड़ी स्कूटी पर पत्थर पटक रहे हैं। वे लगातार गाली-गलौज कर उत्पात मचा रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि इसी दौरान मकान से एक महिला बाहर आकर युवकों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन युवक नही रुके और गालीगलौज करते रहे। वीडियो में उत्पात मचा रहे युवकों में से एक युवक, थाने में किसी मामले को लेकर झूठी शिकायत करने की बात भी कह रहा है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवार ने मोतीनगर थाने में शिकायत की है। परिवार की महिला ने बताया कि कुछ युवक आये और पत्थर मारने लगे। उन्होंने कहा बचाव के लिये हमारे बच्चों ने छत से गमले फेंके। उन्होंने पुराने विवाद को लेकर तोड़फोड़ की है। मकान के कांच फोड़ दिये। हम लोगों को धक्का दिया और गाली गलौज की। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने थाने में शिकायत की है और वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 97 वां साप्ताहिक नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** यूथ सर्विसेस रोटरी क्लब ऑफ सागर द्वारा संचालित नि:शुल्क साप्ताहिक शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का 97 वां सत्र रविवार को कांची रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. यूबीएस गौर अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय विभाग रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि शतरंज एक रणनैतिक खेल है। जब भी खेलें, सबसे पहले प्रतिद्वंद्वी की चाल को ध्यान से देखें, उसके उद्देश्य को समझें और उसकी चाल की काट करते हुये अपनी रणनीति बनाकर आगे बढ़ें। प्रशिक्षण प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें इंजी. ऑर्बिटर अंकुर सिंह लोधी ने बच्चों को शतरंज की बारीकियां सिखाई। कार्यक्रम के दौरान यूथ सर्विसेस चेयरमैन एड. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, पूर्व आरसीसी पडरई अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठाकुर, पूर्व आरसीसी राजा बिलहरा अध्यक्ष चतुर्भुज सिंह ठाकुर, रुपेश लोधी एवं सपना लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में कुल 11 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। यूथ सर्विसेस रोटरी क्लब द्वारा बताया गया कि यह नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण प्रत्येक रविवार सुबह 9 से 11 बजे तक कांची रेस्टोरेंट में नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। अंत में यूथ सर्विसेस सदस्य मधुकर शाह एवं अजय उपाध्याय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका ने आश्रय स्थल में व्यवस्थायें दुरुस्त की



**खुरई, देशबन्धु।** नगर पालिका खुरई द्वारा नगर के आश्रय स्थल परिसर में व्यापक स्तर पर सुधार और व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य किया गया है। सीएमओ राजेश मेहतेले की सक्रिय मॉनिटरिंग में आश्रय स्थल में साफ सफाई, रंगाई-पुताई, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, मरम्मत कार्य सहित ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुये गर्म कपड़े, रजाइयां, कंबल और आवश्यक विस्तार उपलब्ध कराये गये। शौचालय एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करते हुये तत्काल सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं। स्वच्छता नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आश्रय स्थल में ठहरने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये नियमित सफाई, कीटनाशक छिड़काव, कचरा संग्रहण और परिसर की समुचित देखरेख सुनिश्चित की गई है। साथ ही सुरक्षा एवं सुविधा बढ़ाने के लिये अतिरिक्त सुधार कार्य भी निरंतर जारी हैं। नपा टीम द्वारा आश्रय स्थल की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाते हुये इसे अधिक सुरक्षित, स्वच्छ एवं उपयोगी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है।

# बुंदेलखंड कायस्थ समाज का सदस्यता अभियान प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुआत रविवार को सिविल लाईन वार्ड से की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कालोनाइजर रत्नेश श्रीवास्तव एवं ब्रजेश खरे सहित 11 सदस्यों ने समाज की सदस्यता ग्रहण की। रत्नेश श्रीवास्तव ने बुंदेलखंड कायस्थ समाज के संरक्षक का पद सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने सदस्यता ग्रहण के दौरान कहा कि समाजोत्थान, विकास और नई परंपराओं के निर्माण हेतु युवाओं द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। आगामी पीढ़ी ने समाज को नई दिशा देने की शानदार शुरुआत की है। वरिष्ठों का दायित्व है कि वे आगे आकर युवाओं को प्रोत्साहित करें और उनके साथ खड़े रहें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में सागर में हम सभी एक परिवार की तरह एकत्रित होकर समाज के लिए नई कहानी लिखेंगे। इस अवसर पर दिनेश खरे ने कहा कि समय की मांग है कि युवाओं को आगे लाया जाये क्योंकि भविष्य उन्हीं का है। अनुभवी लोगों को युवाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिये सदैव आगे रहना चाहिये, जिससे समाज में नया वातावरण स्थापित हो सके। एसएस श्रीवास्तव, जयप्रकाश खरे और केसी सक्सेना ने संयुक्त रूप से कहा कि छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नये दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी। समाज के युवा किसी भी नई पहल के लिये हम सभी को सदैव तैयार पायेंगे। समाज के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि सदस्यता अभियान की शुरुआत सिविल लाइन वार्ड से की गई है। इसके बाद यह अभियान गोपालगंज वार्ड, वृंदावन वार्ड सहित शहर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जायेगा, ताकि समाज को अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संदीप वर्मा, सचिव चंद्रहास श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की बैठक आज

**सागर, देशबन्धु।** सचिवालय, नराकास, सागर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर स्थित केन्द्रीय बैंकों, उपक्रमों, कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती हैं। सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक आज मध्याह्न 12 बजे से डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नराकास, सागर के अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सिविल लाइन्स स्थित होटल वरदान में आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। समिति के सदस्य-सचिव एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सागर एवं बीना के समस्त केन्द्रीय कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों के प्रमुखों से बैठक में अपनी सहभागिता अनिवार्यत: सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है ताकि केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगामी प्रगति को बढ़ावा देने हेतु विचार विमर्श किया जा सके।

# खुरई में आज यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन



**खुरई, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र खुरई में आज यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद लता वानखेड़े और अध्यक्षता पूर्व मंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी होंगे तथा यूनिटी मार्च का नेतृत्व युवा भाजपा नेता अविराज सिंह करेंगे। खुरई में यूनिटी मार्च कार्यक्रम की तैयारियों के लिये एक दिन पूर्व बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने पर चर्चा हुई। स्थानीय युवा और धार्मिक संगठनों से भी सहयोग की अपील की गई है। बैठक में अविराज सिंह ने बताया कि यूनिटी मार्च का आरंभ खुरई की आफिसर्स कालोनी स्थित विधायक कार्यालय से होगा। मार्च परसा तिराहा, झंडा चैक, मंगल धाम होता हुआ महाकाली टीन शेड पहुंचेगा जहां सभा के साथ इसका समापन होगा। यूनिटी मार्च का 15 से 20 स्थानों पर भव्य स्वागत किया जायेगा। इसका समापन महाकाली मंदिर के समीप महाकाली टीन शेड पर एक विशाल आम सभा के साथ होगा। आयोजन में युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मार्च में सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर के साथ एक वाहन शामिल होगा, जिसके पीछे सभी कार्यकर्ता चलेंगे। रास्ते को स्वच्छ रखने और स्वागत के लिये निर्धारित स्थानों पर होर्डिंग्स लगाये जा रहे हैं। इन होर्डिंग्स पर सरदार पटेल की शिक्षाओं को भी प्रदर्शित किया जायेगा। यूनिटी मार्च की तैयारी बैठक लेते हुये अविराज ने कहा कि मार्च के मार्ग पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हो, इसके लिये सभी नागरिक अपने घरों से पुष्प वर्षा कर सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया। बैठक में नन्हीबाई अहिरवार नपाध्यक्ष, राहुल चैधरी, रविन्द्र राजपूत, देशराज यादव, रश्मि सोनी, राजेन्द्र यादव, पीयूष गुरहा, प्रवीण जैन, इन्द्रकुमार राय, पुष्पेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

*श्री शांतिनाथ धाम परिसर सिरोंजा में पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ*

# विशुद्ध सागर ससंघ नवनिर्मित का शांतिनाथ धाम में आगमन

**सागर, देशबन्धु।** रविवार को बीटीआईआरटी कैंपस सिरोंजा स्थित शांतिनाथ धाम में पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आचार्य श्री विशुद्धसागर ससंघ का दिव्य आगमन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। बम्होरी तिराहे से फोर लेन मार्ग तक श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति के बीच एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाराज श्री की स्कॉटिंग करते हुये अगवानी एवं स्वागत किया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संत संघ का अभिनंदन किया। महोत्सव के मुख्य यजमान संतोष जैन घड़ी द्वारा विशेष स्वागत एवं विराजमान व्यवस्था की गई। इसके पश्चात महाराजश्री को नवनिर्मित शांतिनाथ भगवान मंदिर परिसर में विधिवत मंगल प्रवेश कराया गया। यह अवसर अत्यंत पावन रहा, क्योंकि नवीन निर्मित शांतिनाथ धाम में प्राण-प्रतिष्ठा की पवित्र विधियां वर्तमान में आचार्य श्री विशुद्धसागर के सान्निध्य में जारी हैं। परिसर में भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण छाया रहा। पंचकल्याणक महोत्सव के इस ऐतिहासिक क्षण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गुरु भक्त, संस्थान प्रबंधन एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन का नेतृत्व बीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एवं पंचकल्याणक के मुख्य यजमान संतोष जैन घड़ी द्वारा किया गया। बीटीआईआरटी कैंपस में चल रहा शांतिनाथ भगवान का नव निर्मित मंदिर और पंचकल्याणक कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। रविवार को पंचकल्याणक



महोत्सव के अवसर पर विशुद्धसागर ससंघ का आगमन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। उनके आगमन की अगवानी विशेष रूप से सुसज्जित गजराज हाथी द्वारा की गई, जिसने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बना दिया। महाराज श्री के आगमन के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासित स्कॉट किया गया, जिसने शोभायात्रा की गरिमा और आकर्षण को और बढ़ा दिया। भक्तों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ध्वजों और मंगल धुनों के साथ उनका स्वागत किया। पूरा मार्ग धार्मिक उल्लास, जयघोष और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पंचकल्याणक कार्यक्रम में यह क्षण सभी श्रद्धालुओं के लिये अत्यंत अविस्मरणीय रहा।

# बण्डा की बेटी ने फिर बढ़ाया बुंदेलखंड का मान

**बण्डा, देशबन्धु।** जिले के बण्डा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लिधोरा की मूल निवासी एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहराने वाली विश्व कप विजेता क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने एक बार फिर पूरे बुंदेलखंड को गौरवान्वित किया है। हाल ही में एसडीओपी बण्डा सतपुड़ा सिंघम प्रदीप वाल्मीकि ने अपने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान क्रिकेटर क्रांति गौड़ से सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनायें दीं। भेंट के दौरान एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि ने क्रांति गौड़ के परिजनों से मिली जानकारी साझा करते हुये बताया कि क्रांति गौड़ शीघ्र ही अपने मूल निवास ग्राम लिधोरा एवं बण्डा प्रवास पर आने वाली हैं। इस दौरान वे आमजन से मुलाकात करेंगी तथा स्थानीय युवाओं को अपने अनुभवों से प्रोत्साहित करते हुये खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगी।



# प्रत्येक बीएलओ 100 मतदाताओं के मतदाता गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** प्रत्येक बीएलओ प्रति दिवस 100 मतदाताओं के मतदाता गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करे। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ ऐप की डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में तेजी लाये। जो बीएलओ डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में तेजी नहीं लाता है, उसे कारण बताओ नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया है कि सभी बीएलओ मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क करते हुये उनके डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें।

# युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. सर हरि सिंह गौर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## पार्टी के वरिष्ठजनों, युवाओं का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया

**सागर, देशबन्धु।** हाल ही में संपन्न हुये युवा कांग्रेस संगठन के चुनाव में जिला युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष संदीप चौधरी, प्रदेश सचिव निखिल चौकसे, अक्षय दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरयावली रोहित वर्मा, सागर विधानसभा उपाध्यक्ष नुरुल हुसैन राजा, बीना विधान सभा अध्यक्ष महेश व्यास, देवरी विधानसभा अध्यक्ष शुभम शर्मा, सुरखी विधानसभा अध्यक्ष प्रणव प्रताप सिंह, रहली विधानसभा अध्यक्ष रोहित कुर्मी, बण्डा विधानसभा अध्यक्ष नितिन बाजपेई, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, नरयावली ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सोनी, सागर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राहुल



कुशवाहा, मकरोनिया ब्लॉक अध्यक्ष साहित्य पाण्डेय, सदर ब्लॉक अध्यक्ष समीर मकरानी, नरेंद्र ठाकुर, परितोष तिवारी, प्रदीप पटैल, रामबाबू आदिवासी, राज यादव, सचिन नामदेव, अरविंद साहू, राजू चौधरी आदि नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस भूपेन्द्र सिंह मोहासा, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अमित रामजी दुबे, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी, जिला कांग्रेस के पूर्व प्रभारी अध्यक्ष सुरेन्द्र सुहाने आदि वरिष्ठ कांग्रेसजनों व युवाओं के हुजुम के साथ भगवानगंज चौराहे स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और तीनबत्ती स्थित शिक्षाविद डॉ. सर हरीसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय तीनबत्ती पर पार्टी के वरिष्ठजनों व युवा साथियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित कर सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भूपेंद्र सिंह मोहासा, सुरेंद्र चौधरी आदि कांग्रेसजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से पूरी ताकत के साथ युवाओं व आमजनों की लड़ाई लड़ने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशरफ खान ने किया एवं आभार युवा कांग्रेस नरयावली के पूर्व अध्यक्ष राजा बुंदेला ने माना। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश पटेरिया, मुकुल पुरोहित, आरआर पाराशर, प्रदीप गुप्ता पप्पू, सुरेंद्र चौबे, अभिषेक गौर, राकेश राय, रमाकांत यादव, बाबूसिंह यादव, सेवा दल अध्यक्ष सिंटू कटारे, विजय साहू, चैतन्य पाण्डेय, अंचल आठ्या, देव प्रशांत सिंह आदि मौजूद थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।